www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 05 ||अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
27 मार्च 2026 ||पृष्ठः 08 ||मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 06:04
सूर्यास्तः 06:20
अधिकतमः 32°00
न्यूनतमः 20°00



पेज 07

विशेष समाचार | एआई और चुनावी अभियान... »पेज 04 | 30 घंटे बाद नाले से निकली ... »पेज 06 | पत्नी प्रणति के जन्मदिन पर ...

# पेट्रोल-डीजल संकट

## लखनऊ के 4 पंप पर पेट्रोल-डीजल खत्म, पंप कर्मियों से नोकझोंक

यूपी के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह फैली हुई है। इसके चलते दूसरे दिन यानी गुरुवार को भी देवरिया, सुल्तानपुर, लखनऊ और गोंडा में कई पेट्रोल पंपों पर भीड़ उमड़ पड़ी। काकोरी दुर्गागंज पेट्रोल पंप पर काफी भीड़ जुट गई है। पुलिस मौके पर खड़ी है। पुलिस की निगरानी में पेट्रोल-डीजल बिक रहा है।

“प्रदेश में करीब 13,168 पेट्रोल पंप चल रहे हैं। पंप मालिकों का कहना है कि अचानक 3 से 4 गुना तक भीड़ बढ़ गई है। उन्हें समझ में भी नहीं आया कि आखिर अचानक भीड़ क्यों बढ़ गई, जबकि तेल पर्याप्त है।

**हंगामा**



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि नया महीना आ रहा है, भाजपा शासन में लोगों को लाइन के अलावा क्या मिला? वहीं, गोरखपुर में सीएम योगी ने लोगों से अपील की कि पंप पर लाइन न लगाएं। जब जरूरत हो, तभी डीजल और पेट्रोल लेने जाएं। अगर लाइन लगाएंगे तो हमारी राष्ट्रभक्ति पर लोग संदेह करेंगे।



पुलिस की निगरानी में बिक रहा ईंधन

### 'देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं है, अफवाह से बढ़ी भीड़'

रहमान खेड़ा काकोरी मलिहाबाद स्थित श्वेतांक पंप के मालिक सरलक तिवारी ने कहा- देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं है। अफवाह की वजह से भीड़ बढ़ी है। शहर की भीड़ अब ग्रामीण क्षेत्र में पहुंच रही है। कठौता चौराहा स्थित पंप बंद है। बताया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल खत्म होने के कारण दोपहर करीब 4 बजे पंप बंद कर दिया गया। शाम 7 बजे के बाद भी लोग पंप के बाहर लाइन लगाकर खड़े हैं। लोगों का कहना है कि उम्मीद है कि पेट्रोल आए तो भरवा लेंगे।

### यूपी में एक कंपनी ने पेट्रोल के दाम 5.30 बढ़ाए, डीजल 3 रुपए महंगा, पंपों पर भीड़, ट्रॉली में 7 भगोने लादकर पहुंचा युवक




प्रशासन ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में ईंधन की कोई कमी नहीं है। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने लोगों से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल का भंडारण न करें और सुरक्षा नियमों का पालन करें। वरना कार्रवाई की जाएगी।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/ गोरखपुर/ गोंडा/ देवरिया/ प्रयागराज । लखनऊ के इंदिरानगर, बादशाहनगर, कठौता चौराहे और पॉलिटेक्निक चौराहे पर स्थित पंप पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया है। पंपों पर फ्यूल इन प्रोग्रेस का बोर्ड लगा दिया गया है। पॉलिटेक्निक चौराहे पर पेट्रोल खत्म होने पर पंप कर्मियों से लोगों की नोकझोंक हो गई। कुछ देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। शहर के ज्यादातर पंपों पर लंबी लाइनें लगी हैं। हजरतगंज स्थित तलवार पेट्रोल पंप पर 3 घंटे से ज्यादा समय तक इंतजार के बावजूद लोगों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिल रहा है। रंजन पेट्रोल पंप पर सुबह से ही भारी भीड़ है।

इस स्थिति को देखते हुए कई पेट्रोल पंपों पर पुलिस तैनात हो गई है। एडीएम सप्लाई ज्योति गौतम पंपों का निरीक्षण कर रही हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### नायरा ने पेट्रोल 5.30 और डीजल 3 प्रति लीटर बढ़ाया

नायरा पेट्रोलियम ने पेट्रोल की कीमत में 5.30 और डीजल में 3 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। लखनऊ में अब नायरा पंपों पर पेट्रोल 100.15 और डीजल 91.05 प्रति लीटर मिल रहा है, जबकि पहले पेट्रोल 94.84 और डीजल 88.05 प्रति लीटर था।

### यूपी में पेट्रोल की कोई कमी नहीं, लखनऊ पेट्रोल डीलर एसोसिएशन

लखनऊ पेट्रोल डीलर एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आलोक त्रिवेदी ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। सभी तेल कंपनियां यह सुनिश्चित कर रही हैं कि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो और आपूर्ति सुचारू बनी रहे। लखनऊ में डीजल-पेट्रोल हर पंप पर उपलब्ध है।

- प्रयागराज में पेट्रोल पंप मालिक बोलेः कमी नहीं, अफवाह से खपत तीन गुना बढ़ी
- प्रयागराज में पेट्रोल पंप मालिक अनुज गुप्ता ने कहा- फिलहाल पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है, लेकिन खपत तीन गुना तक बढ़ गई है।
- अफवाहों के कारण पहले जहां लोग 100 का पेट्रोल भरवाते थे, अब वही लोग 1000 तक का ईंधन भरवा रहे हैं, जिससे पंपों पर दबाव बढ़ गया है।

# पीएम मोदी ईरान जंग पर मुख्यमंत्रियों से करेंगे बात

## संसद में कहा था- आने वाला समय कोरोना जैसी परीक्षा लेगा

**मीटिंग**

तमसा संकेत, एजेंसी



सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही किल्लत की खबरों को प्रोपेगैंडा बताया है, जिसका मकसद बाजार में 'पैनिक बाइंग' शुरु कराना है। मंत्रालय ने कहा कि शॉर्टेज की अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे। इसमें ईरान जंग के बाद बिगड़े हालात पर चर्चा संभव है। चुनावी राज्यों के सीएम इसमें शामिल नहीं होंगे। मोदी ने 24 मार्च को राज्यसभा में कहा था कि ईरान जंग जारी रही तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। आने वाला समय कोरोनाकाल जैसी परीक्षा वाला होगा। केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा। वहीं, सरकार ने आज देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी की खबरों को खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि दुनिया में कुछ भी हो जाए, भारत के पास 60 दिन का पेट्रोल, डीजल है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### ट्रम्प बोले- ईरान ने सुप्रीम लीडर बनने का ऑफर दिया

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि उन्हें ईरान का सुप्रीम लीडर बनने का प्रस्ताव मिला था। लेकिन उन्होंने इस पद को ठुकरा दिया। रिपब्लिकन फंडरेजर कार्यक्रम में बोलते हुए ट्रम्प ने कहा- “इतिहास में कोई भी देश का चीफ ऐसा नहीं रहा होगा जिसे ईरान का नेता बनने में इतनी कम दिलचस्पी हो। वे कहते हैं कि हम आपको अगला सुप्रीम लीडर बनाना चाहते हैं। लेकिन मैंने कहा- थैंक्यू, मुझे यह नहीं चाहिए।”

ट्रम्प ने फिर से अमेरिका की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि पर्दे के पीछे ईरान से बातचीत चल रही है और ईरानी सरकार युद्धविराम चाहती है, लेकिन घरेलू दबाव के डर से खुलकर ऐसा नहीं कह पा रही।

# कश्मीर में ईरान के लिए 18 करोड़ चंदा जुटाया गया

## देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई

**निगरानी**

तमसा संकेत, एजेंसी



■ बड़गाम जिला सबसे आगे, सुरक्षा एजेंसियों को आतंकी फंडिंग में इस्तेमाल की आशंका

श्रीनगर । कश्मीर घाटी में ईरान के समर्थन में करोड़ों रुपए का चंदा जुटाया गया है। इससे देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। आशंका है कि इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी फंडिंग में हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, अब तक 17.91 करोड़ रुपए चंदा जुटाया गया है। इनमें से 85% राशि शिया समुदाय ने दान की है। कश्मीर का बड़गाम शिया बहुल इलाका है। यहां से करीब 9.5 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। यह फंडरेजिंग अभियान जकात और सदका के जरिए लिया जा रहा है। इसका उद्देश्य मौजूदा संघर्ष से प्रभावित ईरानी नागरिकों की मदद करना बताया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### इंदौर- इंजीनियर को कार से कुचला

इंदौर । मध्य प्रदेश के इंदौर में पेंटहाउस किराए पर देने के विवाद में एक शख्स ने कार से एक महिला को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक महिला का नाम शंपा पाठक पांडे है। वह इंफोसिस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं। 13 मार्च को दो बच्चों और पति के साथ अपने फ्लैट में शिफ्ट हुई थीं।

**खराबी वापसी**

### दिल्ली-लंदन एअर इंडिया फ्लाइट सऊदी से लौटी

नई दिल्ली । नई दिल्ली से लंदन जा रहा एअर इंडिया का A350-900 (VT-JRF) विमान गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। यह करीब सात घंटे हवा में रहा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, विमान ने सुबह करीब 6 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी। करीब चार घंटे बाद सऊदी अरब के एयरस्पेस में विमान को लौटाने का फैसला लिया गया। विमान लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे वापस दिल्ली पहुंचा। सूत्रों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान में अजीब आवाजें सुनी गईं।

### राहुल बोले-केरल की नर्स ने रातभर मेरी मां को संभाला

नई दिल्ली । राहुल गांधी ने एक सभा में सोनिया गांधी की देखभाल कर रही केरल की नर्स का ज़िक्र किया और इन्हें राज्य की पहचान बताया। दरअसल बुधवार को राहुल को कोझिकोड जाना था, लेकिन वे सोनिया गांधी के हॉस्पिटल में भर्ती होने की वजह से जा नहीं पाए। उन्होंने लोगों को वर्चुअली संबोधित किया।

# फूलन देवी की बहन सपा की महिला अध्यक्ष बनीं

## उम्र- 67, सात साल से पहले सपा जॉइन की, अखिलेश ने गिफ्ट की थी स्कॉर्पियो

**नियुक्ति**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । सपा ने फूलन देवी की बड़ी बहन रुक्मिणी देवी निषाद को महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इसकी घोषणा बुधवार को सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने की। 67 साल की रुक्मिणी देवी की नियुक्ति सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रजामंदी के बाद की गई। रुक्मिणी को रूबी श्रीवास्तव की जगह नियुक्त किया गया है। रुक्मिणी मूलरूप से जालौन की रहने वाली हैं। माना जा रहा है कि यह नियुक्ति सिर्फ एक रुटीन बदलाव नहीं, सपा की PDA रणनीति का हिस्सा है। निषाद वोटबैंक में सेंध लगाने के लिए सपा ने रुक्मिणी को चुना है। यूपी में निषाद-मल्लाह समुदाय बड़ी पिछड़ी जाति हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ रुक्मिणी देवी ने राजनीति की शुरुआत सपा से ही की थी।

### सपा का महिलाओं पर फोकस

चुनाव से पहले अखिलेश यादव महिलाओं पर फोकस कर रहे हैं। हाल ही में अखिलेश यादव ने महिलाओं के लिए नारी समृद्धि सम्मान योजना का ऐलान किया था। अब फूलन देवी की बहन रुक्मिणी देवी को महिला सभा की कमान सौंपी है। इससे पार्टी खासकर पिछड़ी जाति की महिलाओं के बीच संदेश दे रही है कि सपा महिलाओं का सम्मान करती है।

## गैस किल्लत पर तंज, पूजा पाल पर कहा- हमारी विधायक को गुमराह किया

# हमने मिट्टी के दो चूल्हे बनवा लिए : अखिलेश

**कटाक्ष**

हेमन्त कृष्णा



तमसा संकेत, लखनऊ । सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में गुरुवार दोपहर 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीएम योगी पर तंज कसा। उन्होंने कहा- वह धुरंधर से भी बड़े धुरंधर हैं। हमारी विधायक (पूजा पाल) को गुमराह कर ले गए। बताइए, हम कहां FIR कराएं।

उन्होंने कहा- महिला थीं, इसलिए पहले नहीं निकाला गया। बाद में मजबूरी में निकालना पड़ा। ये बयान इसलिए दिए जा रहे हैं कि कहीं से टिकट मिल जाए। दरअसल, 24 मार्च को पूजा पाल ने कहा था कि सीएम योगी धुरंधर मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने अतीक और मुख्तार अंसारी जैसे माफिया का अंत किया। अखिलेश ने सीएम के अंग्रेजी ट्वीट पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा यह ट्वीट उन्होंने खुद नहीं लिखा, बल्कि एआई के जरिए किया गया है, जिसका झूठ पकड़ा जा चुका है। जो लोग एआई का फुल फॉर्म नहीं जानते, वे पीडीए को क्या समझेंगे। पीडीए का दुख-दर्द क्या समझेंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)



### जितनी पीड़ा बढ़ेगी, उतना ही पीडीए बढ़ता चला जाएगा

अखिलेश ने कहा- सीएम की बातों में न आओ, वो योगी नहीं हैं। वो कुछ भी बोल सकते हैं। चली चला की बेला है। सुनने में आया है कि गांजा गंज फिल्म बनने जा रही है। जितनी पीड़ा बढ़ेगी, उतना ही पीडीए बढ़ता चला जाएगा। इसलिए पीडीए को सम्मान दिलाने के लिए हम समाजवादी लोग उनको जोड़कर आगे बढ़ते जा रहे हैं।

## निर्देश : सीएम योगी ने अधिकारियों को सख्त लहजे में दिया संदेश

# ‘अपराध और माफिया पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं तत्काल करें कार्रवाई’

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर जनता दर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था पर अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को और धार दी। लोगों की समस्या सुनने के दौरान उन्होंने सख्त लहजे में अधिकारियों को संदेश दिया कि अपराध और माफिया पर किसी तरह की ढिलाई या उदासीनता हरगिज बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसे लेकर सख्त कार्रवाई न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार परिसर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री खुद लोगों के बीच पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। सभी का प्रार्थना-पत्र अपने हाथों लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारी को दिया और मौके पर ही निर्देशित करते हुए कहा कि हर शिकायत का समाधान समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक होना चाहिए।

>> (शेष पेज 06 पर)



### दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में सुनी 200 लोगों की समस्या, प्रभारी कार्यवाही का दिया आश्वासन



“ जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनने के दौरान अपराध को लेकर सख्त नजर आए मुख्यमंत्री

### मंदिर की गोशाला में गोवंश को दुलार कर खिलाया गुड़

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने तड़के गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर शीश नवाया।

>> (शेष पेज 06 पर)

### ‘ईरान युद्ध से कोविड जैसे हालात का खतरा’


तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान युद्ध को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से COVID महामारी जैसे हालात हो सकते हैं। मॉस्को में बिजनेस लीडर्स से बातचीत में पुतिन ने कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी जंग के नतीजों का सटीक अनुमान लगाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जो देश इस युद्ध में शामिल हैं, उन्हें भी इसके असर का अंदाजा नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संघर्ष का असर अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स, उत्पादन और सप्लाई चेन पर पड़ रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सेना ईरान के ठिकानों पर लगातार हमले कर रही है। उन्होंने दावा किया कि रिवोल्यूशनरी गाड्‌र्स के नौसेना कमांडर को मार गिराया गया।नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इजराइल ईरान के आतंकी शासन के खिलाफ पूरी ताकत से कार्रवाई कर रहा है।

# बंगाल में टीएमसी भाजपा वर्कर्स में झड़प, 20 घायल

## 5 राज्यों से 400 करोड़ की जब्ती

**भिड़ंत**

तमसा संकेत, एजेंसी



■ हिमंता बोले- कांग्रेस यहां नहीं, पाकिस्तान में सरकार बना सकती है

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती (एससी) विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हो गई। इसमें 20 से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। 8 लोग हिरासत में लिए गए हैं। यहां 29 अप्रैल को दूसरे फेज में मतदान होना है। उधर, चुनाव आयोग ने बताया कि 4 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 15 मार्च को चुनाव घोषणा के बाद से अब तक 400 करोड़ से अधिक के अवैध प्रलोभन जब्त किए गए हैं। इसमें 17.44 करोड़ कैश, 167.38 करोड़ के ड्रग्स शामिल हैं। वहीं असम CM हिमंता ने कहा- कांग्रेस भारत में सरकार नहीं बना सकती। वह पाकिस्तान या बांग्लादेश में ही सरकार बना सकती है। TMC विधायक मदन मित्रा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा- भाजपा ने राम को कॉमर्शियल प्रोडक्ट बना दिया है और उसे बाजार में बेचना चाहती है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## लखनऊ में सरकारी टीचर को बनाया मीडिया प्रभारी ■ महिलाओं को तवज्जो नहीं

# हत्या के प्रयास का आरोपी बना बीजेपी महामंत्री

**घोषणा**

तमसा संकेत, एजेंसी






लखनऊ। यूपी भाजपा ने कड़ी मशक्कत के बाद जिला कार्यकारिणी बनाई। 2 मार्च तक बनने वाली कार्यकारिणी घोषित होने में 19 दिन और लग गए। मतलब, 21 मार्च को कार्यकारिणी घोषित हो पाईं। फिर भी गोरखपुर मंडल के जिलों में कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ।

इतनी माथापच्ची के बावजूद घोषित होते ही कार्यकारिणी विवादों में घिर गई है। चौंकाने वाला मामला अयोध्या का है। यहां अटेम्प्ट-टू-मर्डर (हत्या का प्रयास) के आरोपी को महामंत्री बनाया गया है। वो जिले की टॉप-10 अपराधियों में शामिल है। वहीं, लखनऊ में शिक्षा विभाग के सेवा नियमों के खिलाफ जाकर एक सरकारी टीचर को भाजपा का मीडिया प्रभारी नियुक्त कर दिया गया।

दरअसल, यूपी में भाजपा ने संगठन को 98 जिलों में बांटा है। सभी में जिला कार्यकारिणी बनाई गई है। वैसे तो 7 महिलाओं को कार्यकारिणी में रखने का नियम है। लेकिन, ललितपुर को छोड़कर किसी भी जिले में यह कोरम पूरा नहीं किया गया है।

भाजपा ने अयोध्या महानगर में शिवेंद्र सिंह को जिला महामंत्री बनाया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, शिवेंद्र के खिलाफ हत्या के प्रयास और मारपीट के मुकदमे दर्ज हैं। अयोध्या जिले के टॉप-10 अपराधियों की लिस्ट में शिवेंद्र का नाम शामिल है।

साथ ही, शिवेंद्र को सपा के बागी विधायक अभय सिंह का करीबी बताया जाता है। पार्टी सूत्र कहते हैं कि जिले के बड़े संगठन नेताओं ने दिल्ली से लेकर लखनऊ तक आपत्ति भी जताई थी। लेकिन, प्रदेश स्तर के एक पदाधिकारी के प्रेशर में शिवेंद्र को महामंत्री बना दिया गया था।

भाजपा की जिला समिति में जिलाध्यक्ष के अलावा 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 मंत्री समेत 90 पदाधिकारी होते हैं। संगठन की गाइडलाइन के मुताबिक, पदाधिकारियों में कम से कम 7 महिलाएं होना जरूरी हैं।

लेकिन, ललितपुर को छोड़कर किसी भी जिले में 7 महिला पदाधिकारी नहीं रखी गई हैं। जिला कार्यकारिणी सदस्यों में भी 30 महिलाओं को रखने का नियम है। हालांकि, ज्यादातर जिलों में ये कोरम भी पूरा नहीं किया गया है। पार्टी ने तय किया था कि जिला टीम में दो पदाधिकारी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से लिए जाएंगे। वहीं, पिछड़े वर्ग के सदस्यों की संख्या जिला के जातीय समीकरण के अनुसार रखी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, कुछ जिलों में जाति छिपाने के लिए बड़ी चुतराई से पदाधिकारी का उपनाम हटाकर ओबीसी या दलित दिखाने का प्रयास किया गया है।

### लखनऊ में सरकारी टीचर को बनाया मीडिया प्रभारी

लखनऊ जिला टीम में चिंतामणि पांडेय को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वह बाराबंकी के हैदरगढ़ में एक प्राइमरी स्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। शिक्षा विभाग के सेवा नियमों के मुताबिक सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक दल का पदाधिकारी नहीं हो सकता।

चिंतामणि को 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी शलभमणि त्रिपाठी का चुनाव प्रचार करने के आरोप में सस्पेंड भी किया गया था। इस मामले में चिंतामणि का कहना है- परिषद के शिक्षक न तो केंद्र सरकार के कर्मचारी हैं और न राज्य सरकार के। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 'गुरु' का दर्जा दिया है। चुनाव जीतने के बाद ही पद छोड़ना होता है। वहीं, बाराबंकी के बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक का कहना है- यह सेवा नियमों के खिलाफ है। कोई भी परिषदीय शिक्षक किसी राजनीतिक दल का पदाधिकारी नहीं बन सकता।

### क्या कहती है भाजपा की गाइडलाइन

जिला पदाधिकारी बनने के लिए व्यक्ति को संगठनात्मक दायित्व पर होना चाहिए, जिससे राजनीतिक काम का अनुभव हो सके। शिवेंद्र को लेकर लोकल नेताओं की नाराजगी इसलिए भी है कि उन्हें संगठन का कोई अनुभव नहीं है। दूसरा, जिला इकाई में अभय सिंह का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है।

वहीं, अयोध्या महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव कहते हैं- मुकदमा दर्ज होने से कोई अपराधी नहीं हो जाता। बाकी जांच तो चल ही रही है।

### पहले 2 मार्च तक बननी थी जिला कार्यकारिणी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार, सभी जिलों में जिला कार्यकारिणी का गठन 2 मार्च तक होना था। लेकिन, अधिक समय लगने के कारण कार्यकारिणी की घोषणा 20-21 मार्च तक हो सकी। अभी तक काशी, ब्रज, पश्चिम, अवध और कानपुर क्षेत्र के करीब 65 से अधिक जिलों की कार्यकारिणी घोषित हुई है। गोरखपुर क्षेत्र के जिलों में कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ है।

**फास्ट न्यूज**

### खदरा में सेल्समैन को चाकू मारकर 10 लाख लूटे

लखनऊ । लखनऊ के खदरा स्थित तरन्नुम मार्केट गली में देर रात एक सेल्समैन पर हमला कर उसे लूट लिया गया। बदमाशों ने चाकू से हमला कर 10 लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए। घटना बुधवार रात करीब 11:28 बजे की है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मदेयगंज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

### लखनऊ में खंभे से गिरा तार, कार जली

लखनऊ । लखनऊ के राजभवन डिवीजन के क्लाइड रोड पर खंभे से जलते हुए तार गिरा जिससे नीचे खड़ी कार जल गई। इलाके में आज गुरुवार को सुबह 6 घंटे से बिजली भी गुल है। लोगों ने कहा है कि बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से यह दुर्घटना हुई। शॉर्ट सर्किट के चलते बिजली के खंभों में आग लग गई। घटना के बीच में एक कार भी चपेट में आ गई, जिसका पीछे का हिस्सा जलकर खराब हो गया है। इसके साथ ही गुमटी में भी आग पकड़ ली। मामले में पीड़ित ने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आग के चलते एकलव्यनगर गोखले मार्ग कृषि भवन इलाके में पावर कट है।

### चोरी की ज्वेलरी खरीदने का आरोपी गिरफ्तार

मोहनलालगंज । मोहनलाल-गंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त सतीश सोनी को गिरफ्तार किया है। उसे बीती बुधवार को जानकीपुरम स्थित उसके घर से शाम करीब 5:30 बजे दबोचा गया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि निगोहा थाने में 8 मार्च 2026 को एक मुकदमा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था।

## वीवीआईपी चौराहे पर अखिलेश यादव के खिलाफ होर्डिंग

### 2012-2017 की खबरों की कटिंग लगाई

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ । लखनऊ में VVIP चौराहे पर अखिलेश यादव के खिलाफ होर्डिंग लगाया गया है। इसके जरिये उनके 2012 से 2017 तक के शासनकाल पर सवाल खड़े किए गए हैं। इस होर्डिंग पर लिखा है- सपा का ल्यारी राज न भूले हैं, न भूलेंगे। उस दौरान 5 साल में हुई घटनाओं की खबरों की कटिंग लगाई गई है। इस पर नीचे समाजसेवी देवेंद्र तिवारी लिखा गया है।

होर्डिंग में "ल्यारी राज" का जिक्र करते हुए दावा किया गया है कि सपा सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश की स्थिति कराची के ल्यारी इलाके जैसी हो गई थी। होर्डिंग में 2012 से 2017 तक हत्या, लूट और डकैती जैसी घटनाओं को आम बताया गया है। कई आपराधिक मामलों की खबरों की कटिंग लगाई गई है।

होर्डिंग में सपा शासन के दौरान नेताओं के अंडरवर्ल्ड से कथित संबंध होने का भी आरोप लगाया गया है। साथ ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सीधे संबोधित करते हुए लिखा गया है कि "पहले खुद देखें, अब कितना सुधार हुआ है।" होर्डिंग के जरिये मौजूदा सरकार की कानून-व्यवस्था को बेहतर बताते हुए दावा किया गया है कि अब प्रदेश में "कानून का राज" स्थापित हो चुका है और अपराध पर लगाम लगी है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अभिषेक बाजपेई ने इस होर्डिंग का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि देवेंद्र तिवारी आने वाले चुनाव में टिकट के लिए भाजपा की चाटुकारिता कर रहे हैं।

# गर्मी की तैयारियों की गहन समीक्षा

## अंडरग्राउंड केबलिंग व बांस-बल्ली हटाने पर विशेष जोर

तमसा संकेत, संवाददाता



**ट्रिपिंग की समस्या को लेकर सुधार के कड़े निर्देश**

■ प्रमुख स्थलों की विद्युत आपूर्ति पर मांगी विस्तृत रिपोर्ट
■ पूर्वांचल में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने सर्किट हाउस वाराणसी में विद्युत विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए विभागीय तैयारियों का गहन आकलन किया और अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, क्षमता वृद्धि, अनुरक्षण कार्यों, ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता तथा फाल्ट रेस्पॉन्स सिस्टम के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी उपकेंद्रों पर आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल (रैपिड रिस्पॉन्स टीम) सक्रिय रखे जाएं। उन्होंने अंडरग्राउंड केबलिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही जर्जर तारों को बदलने, ओवर-लोडिंग की समस्या को दूर करने तथा एक महीने के अंदर बांस-बल्ली के स्थान पर सुरक्षित एवं स्थायी ढांचे विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित विद्युत वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि कहीं भी अनावश्यक कटौती की स्थिति उत्पन्न न हो।

साथ ही उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर विद्युत व्यवस्था विशेष रूप से मजबूत रखी जाए, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने पूर्वांचल के सभी जिलों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पूरी सतर्कता, जवाबदेही एवं समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

> "शर्मा ने अनुरक्षण के कार्यों में तेजी लाए जाने के कड़े दिशा निर्देश दिए और कहा कि कार्य में लापरवाही/शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### ट्रिपिंग की समस्या पर विस्तार से पूछताछ की

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने ट्रिपिंग की समस्या पर विस्तार से पूछताछ करते हुए अधिकारियों को इसे न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, संकट मोचन मंदिर एवं ताज होटल जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर विद्युत आपूर्ति की स्थिति की विशेष जानकारी ली और इन स्थानों पर 24×7 निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# दोस्तों ने गर्दन से निकाल लिया मांस

## लखनऊ में शराब पार्टी के बाद युवक की हत्या, कुछ देर पहले मां से फोन पर बात की थी

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ । लखनऊ में टाइल्स कारीगर को दोस्तों ने मारने के बाद उसकी गर्दन से मांस निकाल लिया था। उसे शराब पार्टी के लिए बुलाया था। सबने जमीन पर पड़ी ईंटों पर बैठकर पार्टी की। जब युवक नशे में हो गया तो उसे दोस्तों ने मौत के घाट उतार दिया। उसकी गर्दन से किसी हथियार से मांस निकाल लिया। घटना चिनहट थानाक्षेत्र की मंगलवार रात की है। मृतक की पहचान चिनहट के कल्याणी बिहार कॉलोनी के रितेश सिंह के रूप में हुई थी। मां ने घटनास्थल पर रोते हुए बताया था- रितेश बिना बताए घूमने निकला था। अंतिम बार उसने फोन पर बात की थी। कहा था- निशातगंज में हूं। इसके बाद कॉल काट दिया। चिनहट के कल्याणी बिहार कॉलोनी के रहने वाला रितेश सिंह टाइल्स कारीगर था। मंगलवार शाम को वह घर से बिना बताए अपने दोस्तों के साथ घूमने निकला था। चिनहट के हरदासीखेड़ा स्थित मैदान में स्थानीय लोगों ने उसे घायल अवस्था में पड़ा देखा। रितेश के गले पर गहरा घाव था और खून निकल रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस की मदद से रितेश को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने उसके दोस्त प्रियांशु गुप्ता के खिलाफ हत्या की शिकायत दी। रितेश के खिलाफ वाहन चोरी और मारपीट समेत करीब छह मुकदमे दर्ज हैं।

### परिजन बोले- साजिश कर हत्या की गई

परिजनों का कहना है कि कोई एक आदमी रितेश को कंट्रोल नहीं कर सकता। आरोपियों ने योजना के तहत बुलाया है। शराब पिलाई फिर दो ने हाथ पकड़े और एक ने गला रेत दिया। घटना के बाद रितेश का मोबाइल फोन भी नहीं मिला।

घटनास्थल पड़े ईटों और सबूत से पता चल रहा है कि हत्यारे दो से तीन थे। सभी ने ईंटों पर बैठकर शराब पी। इसके बाद उन्होंने रितेश से विवाद शुरू किया। हाथापाई होने पर उसी समय धारदार हथियार से रितेश का गला रेत दिया गया।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चोट के निशान मिले

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में रितेश की डेडबॉडी पर कई चोट के निशान मिले। युवक को पहले पीटा गया। उसके बाद हत्या कर दी गई। पुलिस की तीन टीमें नामजद आरोपी दोस्त प्रियांशु गुप्ता की तलाश में लगी थीं। दो दोस्तों अनस खान और आशु निषाद को घटना वाले दिन ही हिरासत में लिया गया था। रितेश के गले में काफी गहरे जख्म थे। गले का आधा हिस्सा कट चुका था, जो गायब भी था। ऐसा लग रहा था कि चापड़ जैसे धारदार हथियार का इस्तेमाल किया गया हो। गले पर कई बार वार किया गया। इस दौरान उसके गले से ज्यादातर मांस निकल गया। ज्यादा खून भी बहा।




■ यह तस्वीर घटनास्थल की है। बताया जा रहा है कि ईंटों पर बैठकर सबने शराब पी थी। यहां शराब और कोल्डड्रिंक की बोतलें पड़ी थीं।

# पीडब्लूडी कोटे से भर्ती परीक्षा में धांधली

## सीबीएसई की जूनियर असिस्टेंट की भर्ती का मामला

तमसा संकेत, एजेंसी



■ एसटीएफ ने गैंग सरगना समेत 9 को दबोचा


लखनऊ । लखनऊ में सीबीएसई की EMRS (एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल) भर्ती परीक्षा को फर्जी तरीके से पास कराने वाले 9 आरोपियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। गैंग पीडब्लूडी (दिव्यांग) का फर्जी सर्टिफिकेट बनवाकर परीक्षा पास कराता। जिसके एवज में मोटी रकम वसूलता था। एसटीएफ ने आरोपियों को विकास नगर थाने में दाखिल किया है। अन्य नेटवर्क को खंगाल रही है।

डीएसपी विमल कुमार सिंह ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड 22 से 25 मार्च तक EMRS (एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल) टियर-2 जूनियर सेक्रेटरिएट असिस्टेंट की भर्ती परीक्षा करा रहा है। परीक्षा में नकल रोकने के लिए एसटीएफ की टीमें सक्रिय थी। टीम को सूचना मिली कि झांसी, जालौन और आसपास के जिलों में सक्रिय एक गिरोह फर्जी तरीके से PWD (पर्सन विद डिसएबिलिटी) (दिव्यांग) कोटे का लाभ दिलाकर परीक्षा में धांधली करा रहा है। सूचना के आधार पर एसटीएफ ने विकासनगर स्थित सेंट्रल एकेडमी परीक्षा केंद्र पर छापा मारा। यहां से 8 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

**आंकड़ा : दुनिया के टॉप-100 प्रदूषित शहरों में यूपी के 11, बच्चों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा**

# लखनऊ दुनिया का 58वां सबसे प्रदूषित शहर

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ दुनिया का 58वां सबसे प्रदूषित शहर हो गया है। यहां का पार्टिकुलेट मैटर (PM) 2.5 का औसत 54.2 g/m (माइक्रोग्राम घन प्रतिमीटर) दर्ज हुआ है। PM 2.5 का मतलब है- 2.5 माइक्रोमीटर से कम व्यास वाले कितने धूलकण एक घनमीटर हवा में मौजूद हैं। ये कण उड़ती धूल, वाहनों के धुएं, निर्माण और टूटे घरों के मलबे में रहते हैं।

स्विट्जरलैंड की संस्था आईक्यू-एयर (IQAir) ने 2025 के आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया के सबसे प्रदूषित 100 शहरों में 64 भारत के हैं। इनमें भी यूपी के 11 शहर शामिल हैं। गाजियाबाद का लोनी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में शामिल हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखने की नसीहत दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, पार्टिकुलेट मैटर (PM) 2.5 का सुरक्षित वार्षिक औसत स्तर 5 माइक्रोग्राम घन प्रतिमीटर से अधिक नहीं होना चाहिए। इससे अधिक होने पर श्वसन और हृदय संबंधी गंभीर बीमारियां होने लगती हैं। आईक्यू एयर (IQAIR) के डेटा में उत्तर प्रदेश के शहरों का सालाना PM 2.5 का औसत 10 गुना से ज्यादा है। इस स्थिति में स्वास्थ्य का जोखिम होने लगता है।

KGMU के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार ने कहा है कि मौसम बदल रहा है। सावधान रहने की जरूरत है।

### भारत 2024 में 5वें नंबर पर था

IQAir की 2024 वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट में भारत दुनिया का 5वां सबसे प्रदूषित देश था। देश में पीएम 2.5 के प्रदूषण का स्तर 50.6 g/m (माइक्रो-ग्राम घन प्रतिमीटर) था, जो WHO की सेफ कैटेगरी से 10 गुना ज्यादा है। असम का बर्नीहाट देश का सबसे प्रदूषित शहर था। 2024 में दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी थी और दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत के थे।

### 143 देशों का अध्ययन किया गया

रिपोर्ट में 143 देशों और क्षेत्रों के 9,446 शहरों का डेटा शामिल है, जो 40,000 से ज्यादा मॉनिटरिंग स्टेशनों और सेंसरों से लिया गया है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि बच्चों पर वायु प्रदूषण का असर जीवनभर रहता है। जीवन के शुरुआती साल में फेफड़ों को पहुंचा नुकसान पूरी जिंदगी असर डालता है। 2025 में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट में पहली बार एयर पॉल्यूटेंट्स को टॉप-टियर ग्लोबल रिस्क माना गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों (हृदय रोग, स्ट्रोक, कैंसर) का बड़ा कारण बताया। विश्व स्वास्थ्य सभा ने 2040 तक वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों को आधा करने का रोडमैप भी मंजूर किया है।

# 'प्रोजेक्ट प्रवीण' में एआई की शुरुआत

**2 लाख छात्रों को मिलेगा भविष्य का आधार**
**योगी सरकार की पहल**
**कक्षा 9 से 12 तक के वोकेशनल प्रशिक्षण में पहली बार अनिवार्य हुआ 'एआई फॉर ऑल' कोर्स**

तमसा संकेत, संवाददाता




लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में और प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) को शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) के मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर अब कक्षा 9 से 12 तक संचालित सभी वोकेशनल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 'AI For All' कोर्स को अनिवार्य रूप से लागू किया जा रहा है। यह पहल आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होगी, जिसके अंतर्गत 4 घंटे का विशेष AI कोर्स प्रशिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए अनिवार्य किया गया है। यह उत्तर प्रदेश के स्कूली शिक्षा ढांचे में तकनीक के समावेश की दिशा में एक अभिनव और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 210 घंटे का निःशुल्क कौशल विकास कार्यक्रम है, जिसमें आईटी, ब्यूटी, हेल्थकेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। अब इस कार्यक्रम में 'AI For All' को जोड़ते हुए छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से भी सशक्त बनाया जाएगा, जिससे वे शिक्षा पूर्ण करने के साथ ही रोजगार के लिए तैयार हो सकें। इस पहल के माध्यम से प्रदेश के 1200 से अधिक सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के 2 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। AI कोर्स के जरिए विद्यार्थियों में समस्या समाधान, रचनात्मक सोच, डेटा विश्लेषण और डिजिटल दक्षता जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित किए जाएंगे, जो उन्हें भविष्य की नौकरियों के लिए सक्षम बनाएंगे।

## पर्याप्त उपलब्धता के दावों के बीच पंपों पर 'नो फ्यूल' के बोर्ड, बेतहाशा मांग से बिगड़े हालात, कई जगह आपूर्ति बाधित

# पेट्रोल-डीजल संकट गहराया

**मांग**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता के दावों के बीच अचानक बढ़ी मांग ने हालात बिगाड़ दिए हैं। बृहस्पतिवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई पेट्रोल पंपों पर 'नो फ्यूल' के बोर्ड लग गए। इससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई पंपों पर सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं। जहां ईंधन उपलब्ध है, वहां भीड़ इतनी ज्यादा है कि व्यवस्थाएं संभालना मुश्किल हो रहा है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी लाइनें सड़क तक फैल रही हैं, जिससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है। प्रशासन ने कहा है कि स्थिति को सामान्य करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ईंधन आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए संबंधित एजेंसियों से समन्वय किया जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही सभी पंपों पर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक भीड़ न करें और संयम बनाए रखें।

ईंधन संकट का असर आम जनजीवन पर भी दिखने लगा है। कई लोग जरूरी काम के लिए वाहन लेकर निकलने से पहले ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहे हैं।स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। परिवहन सेवाओं पर भी इसका असर पड़ रहा है, जिससे लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

फिलहाल, जिले में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। प्रशासन और संबंधित विभागों के सामने चुनौती है कि जल्द से जल्द आपूर्ति सामान्य कर लोगों को राहत दी जाए।



> जानकारी के मुताबिक, अचानक मांग बढ़ने से आपूर्ति और खपत के बीच संतुलन बिगड़ गया है। कुछ पंपों पर स्टॉक तेजी से खत्म हो गया, जिसके चलते 'नो फ्यूल' की स्थिति बन गई।
> वहीं, जिन पंपों पर टैंकर पहुंचे हैं, वहां भीड़ और ज्यादा बढ़ गई है। लोग किसी भी तरह ईंधन लेने के लिए जल्दबाजी में पहुंच रहे हैं। इससे पंपों पर दबाव और बढ़ गया है।

### ईंधन पाने के लिए लोगों में नोकझोंक

भीड़ बढ़ने के साथ ही लोगों के बीच तनाव भी बढ़ रहा है। पहले ईंधन लेने की होड़ में कई जगह नोकझोंक की स्थिति बन रही है। कुछ पंपों पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और ज्यादा गंभीर नजर आ रहे हैं। यहां सीमित आपूर्ति के कारण लोग जल्दी पहुंचकर लाइन में लग रहे हैं। कई लोग घंटों इंतजार के बाद भी बिना ईंधन लौटने को मजबूर हैं।



### पुलिस की मौजूदगी में कराया जा रहा वितरण

स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कई प्रमुख पेट्रोल पंपों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस की निगरानी में ईंधन वितरण कराया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद न हो। प्रशासन का कहना है कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, जहां ज्यादा भीड़ है वहां अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है।

# कटेहरी में विकास कार्यों की स्थिति पर सवाल

## सामुदायिक शौचालय जर्जर, कूड़ा केंद्र पर अव्यवस्था

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । कटेहरी विकासखंड क्षेत्र के प्रतापपुर चमुर्खा गांव में विकास कार्यों की स्थिति सामने आई है। निरीक्षण के दौरान कई योजनाओं में खामियां पाई गईं।

गांव में बने सामुदायिक शौचालय की हालत खराब मिली। वहां साफ-सफाई का अभाव दिखा। रखरखाव न होने से शौचालय उपयोग के लायक नहीं दिखा।

कूड़ा प्रबंधन की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। बनाए गए कूड़ा केंद्र पर कूड़ा जमा था। एक वाहन खड़ा मिला, लेकिन नियमित उठान के संकेत नहीं मिले। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सफाई व्यवस्था सही ढंग से नहीं चल रही है।

हरिजन बस्ती में नाली निर्माण कार्य में भी अनियमितता के आरोप लगे। ग्रामीणों का कहना है कि



निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सामग्री में कमी और लापरवाही की बात सामने आई है।

डब्ल्यूएसएलएम मद में खर्च की जानकारी स्पष्ट नहीं मिली। गांव में सूचना पट्ट या सार्वजनिक विवरण भी नहीं पाया गया, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं।

ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

**फास्ट न्यूज**

### डीडीयू के एडी बिल्डिंग में लगी आग

गोरखपुर । गोरखपुर के डीडीयू यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन में आग लगने से अफरा- तफरी मच गई। गुरुवार दोपहर बिल्डिंग के अंदर लगा ट्रांसफार्मर अचानक धू- धूकर जलने लगा। जिसे देखकर लोग घबरा गए। तुरंत इसकी सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दी गई। जिसके बाद तत्काल कुछ लोग वहां पहुंचें। सबने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन देखते ही देखते यह आग बढ़ने लगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

अम्बेडकरनगर । टांडा कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना टांडा-हंसवर मार्ग पर सुलेमपुर बाजार के पास रात करीब 9 बजे हुई। मृतक की पहचान हंसवर थाना क्षेत्र के फाजिलपुर गांव निवासी 25 वर्षीय पंकज यादव पुत्र सहदेव यादव के रूप में हुई है। पंकज यादव टांडा से अपने घर लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पंकज के सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत एम्बुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### अफरोज आलम बेग का निधन, कांग्रेस में शोक

अम्बेडकरनगर। जिले के इल्तिफातगंज निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अफरोज आलम बेग का बुधवार रात निधन हो गया। परिवार के अनुसार हृदयगति रुकने से उनकी मृत्यु हुई।

अफरोज आलम बेग संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते थे। उन्हें पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता और जिम्मेदार नेता माना जाता था।

## बसखारी में बिजली चोरी पर कार्रवाई, चार लोग पकड़े गए



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । बसखारी कस्बे में बुधवार सुबह विद्युत विभाग ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व अधिशासी अभियंता आलापुर अवधेश कुमार यादव ने किया।

चेकिंग के दौरान कटी हुई लाइन से कटिया लगाकर बिजली चोरी करते चार लोग पकड़े गए। विभाग ने सभी के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

अभियान के दौरान टीम ने कई स्थानों पर जांच की। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को नियमों का पालन करने की सलाह दी।

इस कार्रवाई में उपखंड अधिकारी कुमार अनिकेत और अवर अभियंता अनिल बाल्मीकि समेत अन्य विद्युत कर्मचारी मौजूद रहे। विभाग ने आगे भी ऐसे अभियान जारी रखने की बात कही है।

# विदेश में नौकरी का झांसा 4.20 लाख की ठगी

## रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी, आरोपी पर केस दर्ज

**जांच**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। कटका थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव निवासी आलोक सिंह से 4 लाख 20 हजार रुपये ठग लिए गए। नौकरी नहीं मिलने पर रुपये वापस मांगने पर धमकी दी गई। जानकारी के अनुसार आलोक सिंह की मुलाकात अकबरपुर क्षेत्र के अहमदनगर निवासी मो. अनीस से हुई थी। आरोप है कि अनीस ने विदेश में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। उसने बेहतर वेतन का लालच देकर कुल 4.20 लाख




रुपये की मांग की। आलोक के पिता ने बेटे के भविष्य को देखते हुए रकम जुटाई। आरोप है कि 2 लाख 70 हजार रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा करीब डेढ़ लाख रुपये नकद दिए गए। नकद रकम जुटाने के लिए आभूषण गिरवी रखे गए। रुपये लेने के बाद भी आरोपी ने नौकरी की कोई व्यवस्था नहीं की। काफी समय बीतने पर जब पीड़ित पक्ष ने रुपये वापस मांगे, तो आरोपित ने टालमटोल शुरू कर दी। बाद में आरोप है कि अनीस और उसके साथियों ने गाली-गलौज की। पीड़ित का कहना है कि रुपये लेने के लिए आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इससे परिवार में डर का माहौल बना रहा। आलोक सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस से की। थाने पर कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया। इसके बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया।

थानाध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी मो. अनीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# चैत्र नवरात्रि सप्तमी पर शीतला माता मंदिर में भव्य आयोजन

## 56 भोग, सोलह श्रृंगार और झूला उत्सव में उमड़े श्रद्धालु

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जलालपुर स्थित शीतला माता मठिया मंदिर में चैत्र नवरात्रि की सप्तमी पर विशेष आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गए। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

आयोजन के दौरान माता का सोलह श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही 56 प्रकार के व्यंजन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और झूला उत्सव का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नीरज जलालपुरी की टीम ने किया। श्रृंगार की जिम्मेदारी दिशांत गुप्ता ने निभाई। आयोजन में आशीष जैन, शुभम गुप्ता, सौरभ सैनी, रितिक अग्रवाल और अभिषेक सोनकर सहित कई लोग शामिल रहे।



मंदिर परिसर को रोशनी से सजाया गया। दीपों की रोशनी और घंटियों की ध्वनि के बीच पूरे परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। भजन-कीर्तन के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

स्थानीय लोगों के अनुसार हर वर्ष नवरात्रि पर इस मंदिर में विशेष आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

## जलालपुर के मामले में नया मोड़, वीडियो ने बदल दी जांच की दिशा

# उलझा मुकदमा : लापता युवती का वायरल वीडियो

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जलालपुर थाना क्षेत्र में 23 मार्च को दर्ज एक लापता युवती से संबंधित मामला अब पूरी तरह उलझन में बदल गया है। शुरुआत में परिजनों की ओर से अपहरण की आशंका जताने पर मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन अब उसी युवती द्वारा जारी किए गए वायरल वीडियो बयान ने मुद्दे को सुरक्षा विवाद में तब्दील कर दिया है। जलालपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर पर पुलिस को बताया गया कि उनकी भतीजी 22 मार्च को सुबह करीब 10 बजे घर से फार्म भरने निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने कहा कि काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। इसके




बाद परिजनों ने आशंका जताई कि उसे कोई बहला-फुसलाकर भगा ले गया है, जिसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। वीडियो में युवती ने प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने की स्पष्ट मांग की। उसने कहा कि वर्तमान स्थिति में वह और उसके परिवार को खतरा महसूस हो रहा है। युवती के बयान ने पहले से दर्ज लापता होने की शिकायत को सुरक्षा विवाद के रूप में बदल दिया है, जिससे स्थानीय स्तर पर चर्चाओं और चिंताओं में वृद्धि हुई है। इस पूरे प्रकरण के सार्वजनिक होने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोग और सामाजिक संगठनों ने निष्पक्ष जांच और शीघ्र समाधान की मांग करनी शुरू कर दी है। लापता होने से जुड़े प्रारंभिक आरोपों का रुख अचानक बदल जाने से कई सवाल खड़े हो गए हैं, जिनका समाधान प्रशासन और पुलिस संयुक्त प्रयास से करना चाहती है।

### वायरल वीडियो में युवती का चौकाने वाला बयान

मामले ने सनसनी तब पकड़ी जब सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में युवती ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह अपनी इच्छा से अपने पति के साथ है। साथ ही उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके परिजन उसे और उसके पति को जान-माल के नुकसान की धमकी दे रहे हैं। उसने कहा कि उसके या उसके पति के साथ यदि कुछ भी होता है तो इसके लिए उसके परिजन पूरी तरह जिम्मेदार होंगे।

> पुलिस सूत्रों ने बताया कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। वीडियो क्लिप की पुष्टि और युवती का ब्योरा दर्ज करने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर निष्पक्ष जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

# कार्रवाई : यूरिया बिक्री में गड़बड़ी पर एफआईआर दर्ज

## पीओएस मशीन से अनियमित बिक्री के मामले में कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । उर्वरक बिक्री में अनियमितता पाए जाने पर एक विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने बताया कि भारत सरकार के उर्वरक पोर्टल पर टॉप 20 यूरिया खरीदारों की जांच में गड़बड़ी सामने आई। जांच में पीओएस मशीन से अनियमित बिक्री का मामला सामने आने पर मेसर्स पंकज कुमार मौर्य, परसौली, विकास खंड रामनगर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। अधिकारी के अनुसार फरवरी तक जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता लक्ष्य से अधिक रही। यूरिया, डीएपी, एनपीके और एसएसपी की पर्याप्त आपूर्ति दर्ज की गई।




**उर्वरक उपलब्धता पर्याप्त**

किसानों को उर्वरक लेने के लिए आधार कार्ड और खतौनी साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें पीओएस मशीन के माध्यम से निर्धारित मूल्य पर उर्वरक लेने की सलाह दी गई है।

उर्वरक से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला कृषि कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। किसान हेल्पलाइन नंबर 9455485475 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## मखाना खेती को बढ़ावा, किसानों को मिलेगा 2 लाख प्रति हेक्टेयर अनुदान




तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । किसानों की आय बढ़ाने के लिए मखाना विकास योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में 24 से 25 मार्च 2026 तक कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी ने योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मखाना की खेती मत्स्य पालन के साथ की जा सकती है। इससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है। वर्ष 2026-27 में मखाना की खेती करने वाले किसानों को 2 लाख प्रति हेक्टेयर तक अनुदान दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ऐसे निचले क्षेत्र, जहां बरसात में 1 से 2 फीट पानी भरता है, मखाना खेती के लिए उपयुक्त हैं। अब तक इसकी खेती मुख्य रूप से बिहार में होती रही है। उत्तर प्रदेश में इसे बढ़ावा देने के लिए मखाना बोर्ड का गठन किया गया है। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने तकनीकी जानकारी दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक रामजीत ने खेती की विधि और लाभ बताए। उद्यान वैज्ञानिक लोकेश यादव ने वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन के बारे में समझाया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक प्रदीप ने किसानों को कृषि विविधीकरण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

> कृषि विविधीकरण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**समारोह :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तिवारीपुर की छात्रा ने बढ़ाया जनपद का मान

# मीना प्रोग्राम में चयनित छात्रा आराध्या को जिला सम्मान

**समारोह**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । कटेहरी शिक्षा क्षेत्र स्थित तिवारीपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा आराध्या को राज्य स्तरीय मीना प्रोग्राम में चयनित होने पर जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर बेसिक शिक्षा विभाग ने सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में हुआ। इसमें आराध्या को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह चयन उसकी मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिणाम है।



मीना प्रोग्राम बालिका शिक्षा, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए संचालित किया जाता है। आराध्या का चयन इस दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण माना जा रहा है।

> इस अवसर पर मीना मंच की सुगमकर्ता शिक्षिका रितु सिंह को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

### समारोह में विभागीय अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे

समारोह में विभागीय अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे। सभी ने आराध्या को बधाई दी और अन्य छात्राओं को उससे प्रेरणा लेने की बात कही। विद्यालय परिवार ने इसे गर्व का क्षण बताया। उनका कहना है कि इस सफलता से क्षेत्र के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## सीएम युवा क्रेडिट कैंप में 2154 लाभार्थियों को मिला ऋण



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को "नव निर्माण के 9 वर्ष" पूर्ण होने पर सीएम युवा क्रेडिट कैंप, जिला उद्योग बंधु और व्यापार बंधु की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला मौजूद रहे। सहायक आयुक्त उद्योग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 2154 लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए ऋण वितरित किया जा चुका है। यह योजना युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर केंद्रित है। बैठक में पिछली बैठक में उठाए गए मुद्दों की समीक्षा की गई।

> जिला उद्योग बंधु व व्यापार बंधु बैठक में समस्याओं के समाधान के निर्देश

जिलाधिकारी ने अनुपालन रिपोर्ट की जांच करते हुए संबंधित विभागों को समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएम युवा योजना के तीन लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से डेमो चेक भी प्रदान किए गए। बैठक में उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने को कहा गया। कार्यक्रम में विद्युत, लोक निर्माण विभाग, जीएसटी, उद्योग विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## नाकाम प्रस्ताव



अमेरिका की ओर से आगे बढ़ाए गए युद्धविराम के प्रस्ताव का ईरान ने जिस तरह उपहास उड़ाया, उससे लगता नहीं कि दोनों देशों के बीच कोई सार्थक बातचीत होने वाली है। अमेरिका ने जिस तरह 15 सूत्रीय युद्ध विराम प्रस्ताव रखा, उससे उसका गैर कूटनीतिक रवैया ही प्रकट होता है।

ऐसा लगता है कि यह पेशकश बिना किसी विश्वसनीय एवं जिम्मेदार मध्यस्थ के ही कर दी गई और ऐसा करने के पहले ईरान के इरादों को टटोलने की भी जरूरत नहीं समझी गई। इसका प्रमाण यह भी है कि ईरान ने भी अपनी ओर से पांच शर्तें रख दीं। इसका मतलब है कि दोनों पक्षों में कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष बात नहीं हो रही है।

क्या यह विचित्र नहीं कि अमेरिकी प्रस्ताव पर एक नहीं, तीन-तीन देश मध्यस्थ की भूमिका निभाने का दावा कर रहे हैं? यह पहली बार नहीं, जब अमेरिका ने पश्चिम एशिया संकट के समाधान के मामले में अगंभीर रवैये का परिचय दिया हो। इसके पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से सार्थक बातचीत का हवाला देते हुए पांच दिनों तक उसके बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ठिकानों पर हमले टालने की घोषणा की थी। अमेरिका की ओर से इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोलने के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से किए गए विरोधीभासी दावे उनके स्वभाव के अनुरूप अवश्य रहे, लेकिन उनसे वे एक किंकर्तव्यविमूढ़ राष्ट्रपति ही अधिक दिखे।

कभी-कभी तो यह भी लगा कि ट्रंप इस ताक में हैं कि किसी तरह अपनी जीत की घोषणा करके युद्ध से बाहर निकल आएं। सच जो भी हो, वे अपनी विश्वसनीयता खोते जा रहे हैं। आखिर ऐसे राष्ट्रपति पर कौन भरोसा करेगा, जो एक ओर शांति प्रस्ताव रख रहा हो और दूसरी ओर पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ाने की घोषणा कर रहा हो?

बहुत दिन नहीं हुए जब वे ईरान के हार मान लेने के दावे कर रहे थे। उनकी ओर से होर्मुज समुद्री मार्ग को सुरक्षित बनाने के दावे भी खोखले निकले। तमाम जतन के बाद भी वे इस मार्ग को खुलवा नहीं पाए। इस मार्ग के बाधित होने से ऊर्जा संकट बढ़ने पर उन्होंने जिस तरह पहले रूस और फिर ईरान को तेल बेचने की छूट दी, उससे उनकी विवशता ही झलकी। हैरानी केवल इस पर नहीं कि पश्चिम एशिया संकट के समाधान के मामले में कथित सर्वशक्तिमान शासनाध्यक्ष ट्रंप कहीं पर भी पहुंचते नहीं दिख रहे हैं। हैरानी इस पर भी है कि इस संकट को हल करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद निष्क्रिय और नाकाम दिख रही है। यह देखना दयनीय है कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू करने के लगभग दो सप्ताह बाद सुरक्षा परिषद तुरंत संघर्ष रोकने की अपील भर कर सकी। ऐसे में बेहतर होगा कि युद्ध विराम के लिए अमेरिका किसी ऐसे विश्वसनीय मध्यस्थ की तलाश करे, जिस पर ईरान का भी भरोसा हो।

## जलवायु परिवर्तन: भविष्य नहीं, वर्तमान का महाविनाशकारी संकट

आज मानव सभ्यता जिस सबसे बड़े संकट के सामने खड़ी है, वह युद्ध, महामारी या आर्थिक मंदी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन है। दुनिया आज जलवायु संकट के ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर नया आंकड़ा खतरे की घंटी बनकर सामने आ रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ताजा रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि 2015-2025 का दशक अब तक का सबसे गर्म दौर रहा है। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि पृथ्वी के बदलते स्वभाव का गंभीर संकेत है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रीनहाउस गैसों का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है और पृथ्वी का एनर्जी इम्बैलेंस लगातार बढ़ रहा है। महासागर, जो जलवायु संतुलन के सबसे बड़े नियंत्रक माने जाते हैं, अब 90 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त गर्मी सोख रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि पृथ्वी का तापमान केवल हवा में ही नहीं, जल और भूमि के भीतर भी बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन अब धीरे-धीरे आने वाली समस्या नहीं रही, बल्कि यह वर्तमान का संकट बन चुका है। दुनिया के अनेक हिस्सों में असामान्य गर्मी, बाढ़, सूखा, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रति का संतुलन बिगड़ रहा है और मौसम का मिजाज अनिश्चित होता जा रहा है। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है तो कहीं महीनों तक बारिश नहीं हो रही। यह असंतुलन सीधे-सीधे मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इस बदलते मौसम ने सबसे ज्यादा मनुष्य के स्वास्थ्य पर हमला किया है। भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर रूप लेता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के अनेक शहरों में तापमान 48 से 50 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पहले 45 डिग्री को ही अत्यधिक गर्मी माना जाता था। अब असामान्य गर्मी ने फरवरी और मार्च जैसे महीनों को भी झुलसाना शुरू कर दिया है। हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं।

**ललित गर्ग**

# एआई और चुनावी अभियान: लोकतंत्र के लिए अवसर या खतरा?

> एआई का पहला और सकारात्मक पक्ष है "संचार का सशक्तिकरण"। आज राजनीतिक दल एआई के माध्यम से मतदाताओं तक अधिक सटीक और व्यक्तिगत संदेश पहुँचा पा रहे हैं।



समय की संवेदनशील सरिता में जब संवाद, सूचना और संप्रेषण की शक्ति नई तकनीकों के साथ संलग्न होती है, तब लोकतंत्र की दिशा और दशा दोनों प्रभावित होती हैं। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रवेश चुनावी अभियानों में उसी प्रकार हुआ है, जैसे कभी रेडियो, फिर टेलीविजन और उसके बाद सोशल मीडिया ने राजनीतिक संचार को परिवर्तित किया था किंतु इस बार परिवर्तन केवल माध्यम का नहीं बल्कि मनोविज्ञान, मतनिर्माण और मतदाताओं के विश्वास का भी है। यही कारण है कि यह प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक हो गया है कि क्या एआई चुनावी अभियानों में लोकतंत्र को सशक्त कर रहा है या उसे संकट की ओर ले जा रहा है। यदि इस विषय को प्रमाणिक और समकालीन तथ्यों के आधार पर समझें, तो स्पष्ट होता है कि एआई चुनावी प्रक्रिया में दोहरे प्रभाव के साथ उपस्थित है—एक ओर यह संवाद को सरल, सुलभ और व्यापक बना रहा है, वहीं दूसरी ओर यह भ्रम, भ्रामकता और मनोवैज्ञानिक हेरफेर का माध्यम भी बन रहा है। वर्ष 2025-26 के वैश्विक चुनावी परिदृश्य के विश्लेषण में यह पाया गया कि विभिन्न देशों—जैसे बांग्लादेश, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और ताइवान—में एआई का उपयोग मतदाताओं को भ्रमित करने, उम्मीदवारों की छवि बिगाड़ने और कृत्रिम प्रचार सामग्री तैयार करने के लिए किया गया। यह तथ्य इस बात का स्पष्ट संकेत है कि एआई अब चुनावी रणनीति का सक्रिय उपकरण बन चुका है। जनरेटिव एआई के उपयोग से भाषण, घोषणापत्र, वीडियो और डिजिटल सामग्री तेजी से तैयार की जा रही है, जिससे छोटे दलों और सीमित संसाधनों वाले उम्मीदवारों को भी प्रतिस्पर्धा में अवसर मिल रहा है। फ्रांस के स्थानीय चुनावों 2026 में यह देखा गया कि एआई ने छोटे उम्मीदवारों को भी प्रभावी प्रचार करने का अवसर दिया, जिससे लोकतंत्र में भागीदारी का दायरा बढ़ा। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत है, क्योंकि यह राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को अधिक समावेशी बनाती है।

इसके अतिरिक्त, एआई डेटा विश्लेषण के माध्यम से मतदाताओं की प्राथमिकताओं को समझने में भी सहायता करता है। इससे नीति निर्माण अधिक लक्षित और प्रभावी हो सकता है। उदाहरण के लिए, विभिन्न शोधों में यह बताया गया है कि एआई आधारित विश्लेषण चुनावी रणनीति को अधिक वैज्ञानिक और डेटा-आधारित बनाता है, जिससे राजनीतिक दल जनता की वास्तविक समस्याओं को समझने में सक्षम होते हैं। यह लोकतंत्र की गुणवत्ता को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। परंतु जहाँ अवसर हैं, वहीं खतरे भी अत्यंत गहरे हैं। एआई का सबसे गंभीर खतरा है "भ्रामक सूचना और दुष्प्रचार का प्रसार"। विश्व आर्थिक मंच और यूनेस्को जैसे संस्थानों ने यह चेतावनी दी है कि एआई द्वारा निर्मित सिंथेटिक मीडिया ने सत्य और असत्य के बीच की रेखा को धुंधला कर दिया है। वर्ष 2023 में लगभग 5 लाख डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए, और 2025 तक इनके 80 लाख तक पहुँचने का अनुमान व्यक्त किया गया। यह वृद्धि केवल संख्या में नहीं, बल्कि प्रभाव में भी दिखाई दे रही है।

चुनावी संदर्भ में यह खतरा और अधिक गंभीर हो जाता है। बांग्लादेश के 2026 के आम चुनावों से पहले चुनाव आयोग ने लगभग 86,000 एआई-जनित भ्रामक सामग्री के मामलों की पहचान की, जिनमें हजारों सामग्री हिंसक और भड़काऊ थी। यह उदाहरण इस बात का प्रमाण है कि एआई आधारित दुष्प्रचार लोकतंत्र की स्थिरता को सीधे प्रभावित कर सकता है।

डीपफेक तकनीक इस खतरे का सबसे तीव्र रूप है। एआई द्वारा तैयार नकली वीडियो और ऑडियो मतदाताओं को भ्रमित कर सकते हैं और उम्मीदवारों की छवि को नुकसान पहुँचा सकते हैं। अनेक विश्लेषणों में यह पाया गया है कि डीपफेक सामग्री इतनी यथार्थवादी होती है कि आम नागरिक के लिए उसे पहचानना कठिन होता है। इससे मतदाताओं की निर्णय क्षमता प्रभावित होती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता कमजोर पड़ती है। इसके साथ ही "लक्षित मनोवैज्ञानिक हेरफेर" का खतरा भी बढ़ गया है। एआई के माध्यम से मतदाताओं के व्यवहार, पसंद और भावनाओं का विश्लेषण करके उन्हें विशेष प्रकार के संदेश भेजे जाते हैं। यह प्रक्रिया मतदाताओं की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि वे अनजाने में ऐसे प्रभावों के अधीन हो जाते हैं, जो उनकी सोच को दिशा देते हैं। इस प्रकार एआई लोकतंत्र में "स्वतंत्र निर्णय" की अवधारणा को चुनौती देता है। भारत के संदर्भ में यह चुनौती और भी जटिल हो जाती है। देश में 800 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता और 400 मिलियन से अधिक व्हाट्सएप उपयोगकर्ता हैं, जैसा कि अंतरराष्ट्रीय विश्लेषणों में उल्लेख किया गया है। इतनी विशाल डिजिटल आबादी में यदि एआई आधारित दुष्प्रचार फैलता है, तो उसका प्रभाव व्यापक और तीव्र हो सकता है। इसी कारण भारत में चुनाव आयोग और सरकार ने एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए कई दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें चुनाव के दौरान डीपफेक सामग्री को 3 घंटे के भीतर हटाने का निर्देश शामिल है। वैश्विक स्तर पर भी यह चिंता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 75 प्रतिशत से अधिक लोग मानते हैं कि एआई चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकता है। यह विश्वास ही लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि लोकतंत्र केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि विश्वास की व्यवस्था भी है। साइबर युद्ध और विदेशी हस्तक्षेप के संदर्भ में भी एआई का उपयोग बढ़ रहा है। मोल्दोवा के चुनावों में एआई आधारित दुष्प्रचार अभियानों का उपयोग विदेशी प्रभाव के लिए किया गया, जहाँ हजारों फर्जी अकाउंट और चैनल बनाकर मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। यह उदाहरण दर्शाता है कि एआई केवल आंतरिक राजनीति ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय शक्ति संघर्ष का भी उपकरण बन सकता है।

**डॉ. शैलेश शुक्ला**

## भारतीय सिनेमा और ...

अजय जैन 'विकल्प'

# 'मनोरंजन' की गिरावट और 'मौन' सेंसर बोर्ड

'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' के दौर में इन दिनों शायद सेंसर बोर्ड ने भी देशवासियों की बुद्धि को कृत्रिम ही समझ लिया है वरना क्या बिसात कि 'सरके चुनर तेरी सरके' जैसा द्विअर्थी गीत बाज़ार में आ जाता।

इस गीत में कलाकारों के रूप में नर्तकी नोरा फतेही और अभिनेता संजय दत्त दिखाई देते हैं। इसमें प्रदर्शित कथित अश्लीलता और अभद्रता के आरोपों को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए कलाकारों, लेखक तथा निर्माता को भी नोटिस जारी किया है। आयोग का कहना है कि ₹पहली नज़र में यह गीत यौन-उत्तेजक और आपत्तिजनक प्रतीत होता है।₹ यह कदम बताता है, कि मनोरंजन के नाम पर परोसी जा रही सामग्री अब अश्लीलता के परे जाकर सोचे-समझे बिना सार्वजनिक रूप से दिखाई जाने लगी है।

दरअसल, यह विवाद केवल एक गीत तक सीमित नहीं है; यह उस ओछी मानसिकता का संकेत है जिसमें मनोरंजन उद्योग दर्शकों के सामने द्विअर्थी और भड़काऊ सामग्री को चतुराई से 'कला' या 'मनोरंजन' का नाम देकर परोसता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' के बोलों में जो संकेत दिख रहा है, वह केवल शब्दों का खेल नहीं है। लेखक ने वासना प्रेरित सोची-समझी रणनीति पर अमल करते हुए काम किया है कि



₹पहले अश्लीलता को उभारो और फिर अंत में उसे किसी 'नशीले इत्र' या 'मस्ती' या 'शराब' की बात कहकर ढकने की कोशिश करो। दूसरे शब्दों में यह मानो साफ दिखाई देने वाली गंदगी को किसी खुशबूदार परदे के पीछे छिपाए जाने की पटकथा है।

यहाँ सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि गीत में लेखक ने जिस तरह के इशारे और शब्द प्रयोग किए हैं, वे अंत में शराब या नशे का संदर्भ देकर मानो यह जताने की कोशिश करते हैं कि सब कुछ केवल 'मस्ती', 'प्रेम' एवं 'मनोरंजन' का हिस्सा है, पर वास्तव में यह तर्क उतना ही खोखला है; जितना यह मान लेना कि दर्शक समझने-समझाने की क्षमता से रहित हैं और कुछ भी देख लेते हैं। जब कोई लेखक या रचनाकार यह मानकर सामग्री बनाते हैं कि दर्शक सोचे-समझे बिना सब कुछ स्वीकार कर लेंगे, तो यह केवल कला की गरिमा का ही अपमान नहीं; बल्कि रचियता बनाम समाज की बुद्धिमत्ता का भी अवमूल्यन है।

भारतीय सिनेमा और संगीत की परम्परा पर नज़र डालें तो यह स्पष्ट है, कि लोकप्रियता पाने के लिए अश्लीलता कभी अनिवार्य नहीं रही। एक समय था जब गीतों में भाव, सौंदर्य और संकेत होते थे, पर वे शालीनता की सीमा को पार नहीं करते थे। आज स्थिति उलटती दिखाई देती है-संकेतों की जगह खुले इशारे, भाव की जगह शोर व सौंदर्य की जगह सनसनी ने ले ली है। इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देने में केवल निर्माता-निर्देशक ही नहीं, बल्कि नियामक संस्थाओं की ढिलाई को भी क्षमा नहीं किया जा सकता है। सीधा सवाल है कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) की भूमिका क्या और क्यों है, अगर ऐसे गीतों का विरोध जनता एवं संस्थाओं को ही करना है तो!

इस संस्था का काम है यह सुनिश्चित करना, कि फिल्मों और गीतों की सामग्री सामाजिक संवेदनशीलता और सांस्कृतिक मर्यादा के अनुरूप हो। यदि ऐसे गीत बिना किसी ठोस आपत्ति के सार्वजनिक मंचों तक पहुँच जाते हैं, तो स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि क्या जाँच-पड़ताल की प्रक्रिया वास्तव में उतनी गंभीर है, जितनी होनी चाहिए ? सेंसर बोर्ड का उद्देश्य कला और रचनात्मकता को दबाना नहीं है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि उसकी जिम्मेदारी समाज के प्रति भी है जो इस बार नहीं निभाई गई। मनोरंजन उद्योग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात अक्सर की जाती है, और होनी भी चाहिए किन्तु स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि किसी भी स्तर तक जाकर दर्शकों को उत्तेजना और विवाद का सामान खुलेआम परोस दिया जाए। वैसे भी मनोरंजन को रोकने के लिए किसी माध्यम पर देखने की सीधी मनाही नहीं है, तो ऐसे में अवयस्क वर्ग इसे क्या समझेगा- मनोरंजन या गंदगी, क्योंकि इसे देख-सुनकर ही साफ समझ आ रहा है कि इशारा किधर है ? वास्तव में लेखन या किसी भी कला की अभिव्यक्ति तब सार्थक होती है, जब वह समाज को समृद्ध करे, सोच को व्यापक बनाए और आमजन की संवेदनशीलता को बढ़ाए। यदि ऐसा कोई काम केवल सस्ती लोकप्रियता के लिए किया जाए, तो वह कला कम और व्यापार ही अधिक होती है।

## अगर हम...

सौरभ वार्ष्णेय

# आत्महत्या विकल्प नहीं हो सकता?



आज जीवन की सबसे बड़ी कड़वी सच्चाई है कि जीवन में थोडी सी निराशा आई नहीं कि मानव आत्महत्या की ओर अग्रसर हो जाता है । क्या उसे आत्महत्या के आलावा अन्य विकल्प नहीं दिखता ताकि वह इस सोच से आगे बढ़ सके। हमारे समाज को भी इस ओर सोचना होगा कि अगर कोई बेरोजगार है या किसी समस्या से ग्रसित है तो उसे प्यार से आगे बढन्ने का संदेश दें जिससे वह उस निराशा समय से निकल सके। आज के तेज़ रफ्तार और प्रतिस्पर्धी दौर में मानसिक दबाव, असफलताओं का भय और अकेलेपन की भावना कई लोगों को भीतर से तोड़ रही है। ऐसे में आत्महत्या जैसे खतरनाक विचार मन में आना एक गंभीर सामाजिक और मानवीय संकट का संकेत है। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता का परिणाम भी है। देश में आत्महत्या के आंकड़े तो उपलब्ध नहीं है ? लेकिन आए दिन अखबारों में यह खबर दिल को झकझोर देती है।

अधिकतर खबरें कॉलेज, किसान, व्यवसायी, बेराजगारी से ही आतीं हैं। कारण अलग अलग हो सकते हैं लेकिन शब्द एक ही आता है हताशा-निराशा? माना कि जीवन के संघर्ष में कुछ समय ऐसा आ जाता है कि जब चारों ओर से अंधेरा दिखाई देता है जो आगे का रास्ता अंधेरा बंद कर देता है। ऐसे में कही से एक आशा की किरण दिखाई दे जाये तो कुछ हद तक इन आत्महत्याओं पर रोक लग सकेगी। आज हम एक बात अच्छी तरह समझ लें कि यह काया जो हमें प्रकृतित्व से मिली है। वह अनमोल है इसे वयर्थ नहीं कर सकते जब हमें किसी को जीवन देने का अधिकार नहीं है तो जीवन खत्म करने का अधिकार कहां से मिल जाता है।

अगर हम छात्र जीवन में हैं तो हमें बार बार असफलता हाथ लगती है तो क्या हम इस पर ही निराशा समझ लेंगे? नहीं बरन यह असफलता ही हमें सफलता की कुंजी देती है जिससे जीवन भर हम कभी असफलता की और नहीं देती? आज हम उन सफल महापुरुषों की ओर देखेंगे तो पता चलेगा कि उनके पीछे कितनी असफलताऐं जुड़ी है।

अगर किसान है तो फसल नष्ट होने पर हम निराशा की ओर चले जाते हैं क्योंकि फसल के लिए लिया गया उधार हमें भार मालूम चलता है। ऐसा नहीं है कि अगर एक फसल चौपट हुई है तो जीवन का आधार कहीं से यानी जीवन जीना ही छोड़ दें नहीं हमें आगे बढन्ना होगा । हमें किसान के साथ-साथ ऐसा भी कार्य करना होगा जिससे हमें एक सहायक कार्य भी करना होगा जो कि उसी खेती कार्य से जुड़ा होगा। इसके आलावा अन्य सरकारी सहायता पर ध्यान देना होगा।

## जरा हटके

## भारत के किसी...

प्रमोद दीक्षित मलय

# रंगमंच को संवारने के संकल्प का दिन

नाटक दर्शकों को प्रेम, रहस्य, रोमांच, हर्ष, खुशी, आत्मीयता और सौंदर्य की उस ऊंचाई पर ले जाता है जहां वे कल्पना लोक में विचरण कर रहे होते हैं जो खुरदुरे पठारी यथार्थ से परे एक अलग दुनिया होती है। नाटक के मंचन से उद्भूत रस प्रेक्षागृह में उपस्थित दर्शकों को आत्मानंद की प्राप्ति कराने में समर्थ होता है, इसीलिए नाट्य रस को परमानंद सहोदर कहा गया है। नाटक संस्कृत वांग्मय के शीर्ष आर्ष ग्रंथ वेदों की पंक्ति में पंचम वेद की संज्ञा से विभूषित हो लोक में समादृत हुआ है। ब्रह्मा जी ने ऋग्वेद से पाठ्य, सामवेद से गायन कला, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस लेकर नाट्यवेद की रचना की है। संस्कृत साहित्य में नाट्य लेखन एवं मंचन की समृद्ध परम्परा रही है जो इस्लाम के आगमन तक फलती-फूलती रही पर इस्लामी आक्रमणों एवं राज्याश्रय न मिलने के कारण नाट्य-संस्कृति की यह पुण्यबेल निर्जीव-रसहीन हो मृतप्राय हो गयी।

हालांकि 18वीं सदी से ब्रज, अवधी, छत्तीसगढ़ी में हिंदी नाटकों का लेखन मंचन गतिमान हुआ लेकिन 20वीं शती के उत्तरार्ध काल में संचार और तकनीकी के क्षेत्र में हो रहे नित नवल अनुसंधानों एवं सुविधाओं के कारण जन मनोरंजन के तमाम सुगम संसाधनों की उपलब्धता से रंगमंच पर दुष्प्रभाव पड़ा है। दर्शकों की अनुपलब्धता से नाट्य मंडलियां काम के अभाव में बंद हुईं और रंगमंच को समर्पित संस्थान भी आभाहीन हुए। तो 1948 में पेरिस में स्थापित इंटरनेशनल थियेटर इन्स्टीट्यूट ने रंगमंच के प्रति जागरूकता के प्रसार, रंगमंचीय संस्कृति एवं मूल्यों से आमजन को परिचित कराने, नाटकों के आनंद को



परस्पर साझा करने और रंगमंच की पुनर्स्थापना की दृष्टि से 1961 में विश्व रंगमंच दिवस मनाने का संकल्प लिया और पहली बार 27 मार्च, 1962 को यह दिवस मनाया गया। इसमें वैश्विक शांति के लिए रंगमंच एवं संस्कृति पर आधारित किसी प्रसिद्ध एवं समर्पित रंगमंचीय कला साधक के आमंत्रित संदेश का 50 भाषाओं में अनुवाद प्रकाशित कर सभी देशों में प्रसारित किया जाता है ताकि लोग रंगमंच के महत्व से अवगत हों। पहला रंगमंच संदेश 1962 में फ्रांसीसी थिएटर कलाकार जॉन काक्ट्यू ने दिया था। भारत के किसी कला साधक को यह सम्मान पहली बार 2002 में गिरीश कर्नाड को मिला। प्रत्येक वर्ष एक थीम का निश्चय कर तदनुरूप आयोजन किये जाते हैं। वर्ष 2025 की थीम थी रंगमंच और शांति की संस्कृति। भारत में रंगमंच की समृद्ध एवं गौरवशाली परम्परा अति प्राचीन काल से ही रही है। सर्वप्रथम ऋग्वेद में यम और यमी तथा पुरुरवा एवं उर्वशी के बीच हुए संवाद के दृश्य दिखायी देते हैं। भरत मुनि का नाट्यशास्त्र रंगकर्म का सर्वोत्कृष्ट ग्रंथ है जिसमें नाट्य लेखन, पात्र चयन, अभिनय, मंचन, प्रेक्षागृह, रंगमंडप, नेपथ्य और रंगपीठ पर विशद विश्लेषण परक सामग्री है। साथ ही कथानक, संवाद कथन, ध्वनि एवं प्रकाश, साज-सज्जा, पात्र, रंग शिल्प, रस एवं दर्शक आदि पर भी विस्तार से विचार किया है। भारत के प्राचीन नाट्य मंचन स्थानों में रामगढ़ (छत्तीसगढ़), सीता गुफा, फुलमुई गुफा (नासिक, महाराष्ट्र) उल्लेखनीय है। ये सभी नाटक मंचन के स्थान अंशतः प्राकृतिक हैं पर पहाड़ काट कर मंचीय बनाये गये हैं।

# अति लाड़-प्यार

वीणा के तार इतने ज्यादा मत कसो, की वो टूट जाए और इतना ढीला भी मत छोड़ो की उसकी आवाज़ बेसुरी हो जाए। मुझे भी यही लगता है कि हमारा जीवन भी सितार के तार के संतुलन के अनुसार जुड़ा है। अगर हम बच्चों पर अति अनुसासन करेंगे तो वो कुंठित हो जाएँगे।और अति लाड-प्यार करेंगे तो बिगड़ने का डर।अति तो सब जगह वर्जित हैं । ऐसे ही अगर हम भुख से ज़्यादा खाते हैं तो अपच होने का डर और कम खाते हैं तो शारीरिक शक्ति क्षीण होने की सम्भावना।यही हाल नींद पर, ज़्यादा सोते हैं शरीर आलसी होता है और कम सोने से अनिंद्रा के शिकार।शरीर से ज़्यादा काम लेंगे तो हमेशा थके -थके लगेगें और दिन भर निठल्ले बेठे रहने से शरीर में जंग लगने का ख़तरा। और बहुत से उदाहरण है।इसलिए कहते हैं चाहे परिवार हो, खान-पान हो, कार्य क्षेत्र हो और समाज।अगर हमारा संतुलन सही है।तो जैसे वीणा के तार का संतुलन सही होने से सुरीली आवाज़निकलतीहै ,वैसे ही अगर हम अपने जीवन में हर जगह संतुलन अपनाते हैं तो जीवन हमेशा आनंदित रहेगा। हर इंसान को नदी से सीख लेनी चाहिये कि चाहे कितनी भी विषम परिस्थिति आये ,अडिग रहो,जीवन में छल कपट नहीं सरल बनो,कभी अच्छे क़ार्य करके नाम के पीछे मत भागो,हर समय पर हित की भावना रहे और मन इतना सरल हो जैसे एक छोटे बच्चे का।कहते हैं ना कि बच्चे के दिल में भगवान का वास होता है,क्यों कि उसका मन सरल होता है । सबको प्रिय होते हैं अपने बच्चे। आँखों के तारे होते हैं बच्चे। माँ-बाप के मन में तो सदा यही रहता है की मेरा बच्चा सबसे प्यारा ,सबसे न्यारा। शैशव काल में ला-ला कर देते हैं अपने सामर्थ्यानुसार तरह-तरह के खिलौने। मन व्यथित हो जाता है जब लगता है वह यह-वह के लिए रोने।पर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भौतिक चकाचौंध में नहीं जानते माता-पिता कि बच्चों पर असीमित तुष्टि एवं लाड़-प्यार से पड़ता है एक प्रकार का अनुचित प्रभाव। पनपता जाता है उनमें नही चाहने वाला हठीला स्वभाव। ऐसा बच्चा आगे जाकर नहीं सह सकता थोड़ा सा भी अभाव। उपयोगिता-अनुपयोगिता का विवेक तो वह कभी सीख ही नहीं पाता है ।इसलिए माता-पिता द्वारा प्यार का अर्थ तुष्टीकरण समझना, हो जाती है भयंकर भूल। बच्चा छोटी - छोटी बात को लेकर खूब मचाने लगता है तूल। इस तरह बच्चा विवेक शब्द का तो सही से अर्थ ही नहीं समझ पाता। इसके परिणामस्वरुप वह धीरे - धीरे, आहिस्ते-आहिस्ते जिद्दी बन जाता।

**> प्रदीप छाजेड़**

# गेट लॉक होने से अंदर ही फंसे, बांदा में पॉलिथीन में भरकर निकालीं लाशें

# ट्रेलरों की टक्कर के बाद आग लगी, 3 जिंदा जले

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

बांदा । यूपी के बांदा में बुधवार रात 2 बजे दो ट्रेलरों की आपस में टक्कर हो गई। हाईवे पर आमने-सामने से हुई टक्कर के बाद ट्रेलरों में आग लग गई। 3 लोग जिंदा जल गए। एक युवक झुलस गया। आग इतनी भीषण थी कि लपटें 15 फीट ऊंचाई तक उठीं। जो 2 किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थी।

लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुरू किया। बताया कि तेज रफ्तार और अंधेरे की वजह से हादसा हुआ। दोनों ट्रेलरों के दरवाजे लॉक हो गए थे। ड्राइवर और खलासी अंदर ही फंस गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घायल अभिषेक ने बताया- मैं ट्रेलर से गिट्टी लेकर जा रहा था। रेलवे क्रॉसिंग के पहले अंधेरा था। तभी सामने से आ रहे ट्रेलर से टक्कर हो गई। ट्रेलर की तेज लाइट के कारण सामने कुछ नहीं दिखाई दिया। दोनों गाड़ियों में आग लग गई। मैं ट्रेलर के पिछले हिस्से में था, इसलिए नीचे कूदकर दूर हो गया और बच गया। ड्राइवर अंदर ही फंसा रह गया। डीएसपी सिटी मेविस टाक ने बताया बांदा-झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो ट्रेलरों की टक्कर में तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई है। मृतकों में दो ड्राइवर और एक खलासी है। दूसरे ट्रेलर के घायल खलासी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों ट्रेलरों के नंबरों के आधार पर वाहन मालिकों को सूचना दे दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।


देर रात एनएच पर टक्कर के बाद दोनों वाहन धू-धू करके जलते रहे।





**वाहनों में फंसे शवों को पॉलिथीन में भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। घायल का इलाज चल रहा है। घटना जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर बांदा-झांसी-मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मटौंध थाना क्षेत्र की है।**

### एक ट्रेलर में गिट्टी भरी थी, दूसरा खाली था

बांदा-झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मटौंध रेलवे क्रॉसिंग के पास जोरदार हादसा हुआ। एक ट्रेलर कबरई से गिट्टी लेकर आ रहा था, जबकि दूसरा ट्रेलर खाली था। हादसे में दोनों ड्राइवर और एक खलासी जिंदा जल गए, जबकि एक खलासी गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे की सूचना मिलते ही मटौंध थाना निरीक्षक दीपेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन भीषण आग के कारण काफी देर तक बचाव कार्य प्रभावित रहा। हादसे के बाद करीब 2 घंटे तक हाईवे पर जाम के हालात बने।

मृतकों की पहचान सुल्तानपुर निवासी सुरेश पांडेय (55), आजमगढ़ के अहिरौला निवासी सूरज नाथ (50) और शनि (30) के रूप में हुई है। घायल की पहचान अभिषेक पुत्र रवेंद्र कुमार (23) के रूप में हुई।

# महिलाओं को आत्मरक्षा से अधिकारों तक हर पहलू पर किया जागरूक

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "मिशन शक्ति फेज-5.0" के द्वितीय चरण के तहत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता अभियान को गति देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में महिला थाना की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ-साथ गुड टच/बैड टच की जानकारी दी गई और महिला संबंधी अपराधों से बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। टीम ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों, बसों या रास्तों में छेड़खानी जैसी घटनाओं के समय घबराने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 पर संपर्क करें या नजदीकी थाने में एफआईआर दर्ज कराएं।

पुलिस टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम का सतर्कता के साथ उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही महिलाओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए स्वयं पालन करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी भी दी गई, जिनमें 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 व 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं में सुरक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।



**फास्ट न्यूज**

### वाराणसी में बिना गैस बुक किए आ रहा डिलेवरी मैसेज

वाराणसी । वाराणसी में लगाते प्रशासनिक अधिकारी इस बात की जानकारी दे रहे हैं कि गैस की किल्लत नहीं है। अफवाह पर ध्यान न दें पर लगातार लोग अपनी समस्या लेकर गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे और बुकिंग के लिए लंबी लाइन लगा रहे हैं। इसी क्रम में वाराणसी में नया मामला भी सामने आया है जिसमें बिना बुकिंग के लोगों को डिलेवरी का मैसेज आ रहा है।

### पेट्रोल की खपत बढ़ी, टंकी फुल करा रहे लोग

वाराणसी । वाराणसी शहर में पेट्रोल खत्म होने की अफवाह से पेट्रोल पम्पों पर भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग अपने बाइक, कार आदि के टैंक फुल कराने लगे हैं। नतीजा यह हुआ कि कई पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल ही खत्म हो जा रहा है। डर के कारण लोग अपनी गाड़ियों के टैंक फुल कराने के लिए घंटों इंतजार करते नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि कितना भी समय लगे, लेकिन तेल लेकर ही घर जाएंगे। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि तेल इसलिए फुल करवा रहे हैं। जिससे बार-बार लाइन में न लगना पड़े। तेल भरने के लिए पेट्रोल पंप पर पहुंचे मौसम ने कहा कि हम अपने मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचे थे।

### वाराणसी पहुंचीं माधुरी दीक्षित

वाराणसी । फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित गुरुवार को अपने परिवार के साथ वाराणसी पहुंची। जानकारी के अनुसार वह यहां एक ज्वेलरी शॉप के उद्घाटन के लिए आई हैं। इस अवसर पर उनके साथ उनके पति डॉ. श्रीराम नेने और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह भी मौजूद रहे। माधुरी दीक्षित वाराणसी में आज शहर का भ्रमण करेंगी, जबकि कल काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगल आरती में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

# आईपीईसी में इंडो-रशियन संगम शिक्षा व वैश्विक सहयोग पर



तमसा संकेत, संवाददाता

साहिबाबाद। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में भारत और रूस के बीच शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से इंडो-रशियन प्रतिनिधिमंडल का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, खुशहाली और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में मरीना वोल्कोवा (संस्थापक एवं अध्यक्ष, इंटरनेशनल चैरिटेबल फाउंडेशन 'गिव लव टू द वर्ल्ड'), एलेना (चेयरमैन, इंडियन रशियन कम्पैट्रियट्स सोसायटी) तथा टीम सदस्य एकातेरिना और झन्ना सेमेनोवा शामिल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ इंटरनेशनल रिलेशंस के वाइस प्रेसिडेंट विभूति शंकर के स्वागत संबोधन से हुआ। वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने शिक्षा में मानवीय मूल्यों और हैप्पीनेस कोटिएंट के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान महिलाओं के अधिकार, लैंगिक असमानता और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. अमित जैन, डीन सीएस डॉ. सुनीता यादव तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मीनाक्षी शर्मा सहित कई विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# केएम विश्वविद्यालय में भव्य शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम में गायिका सुनंदा ने बांधा समां

# ध्यान केन्द्रित करने से तन, मन के साथ शरीर हो जाता है तरोताजा

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय में आज दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर भव्य शास्त्रीय संगीत की सुरमयी महफिल सजी। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि देवी सिंह भारतीय शास्त्रीय गायन की दिग्गज और पदम विभूषण से सम्मानित डा. विदुषी गिरिजा देवी की शिष्या सुनंदा शर्मा, विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, परीक्षा नियंत्रक समीक्षा भारद्वाज, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने संयुक्त रूप से ज्ञान व संगीत की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की। संगीत में स्नातक करते हुए पंजाब विश्वविद्यालय से भारतीय शास्त्रीय गायन में स्वर्ण पदक के साथ मास्टर की उपाधि प्राप्त की। हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन में उनकी प्रतिभा को देखकर पदम विभूषण से सम्मानित डा. विदुषी गिरिजा देवी ने उन्हें शिष्या के रूप में स्वीकार की और उन्हें पंडित किशन महाराज और उस्ताद बिस्मिल्लाह खान जैसे दिग्गजों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। सुनंदा शर्माजी नौ वर्षों तक बनारस और कोलकाता में अपनी गुरु के साथ रहीं और संगीत की उन बारीकियों को आत्मसात किया जो आज उनके गायन की पहचान बन चुकी है। हालाँकि उनकी मुख्य विशेषज्ञता 'ख्याल', 'टप्पा', 'ठुमरी', 'दादरा' और 'चैती' गायन में है, लेकिन उन्होंने पंजाब और हिमाचल की लोक-परंपराओं, भक्ति संगीत और विभिन्न संस्कृतियों के मेल से बनी संगीत-शैलियों को भी अपनाया है। उन्होंने कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं, जिनमें 'तानसेन संगीत सम्मेलन', 'सप्तक महोत्सव', 'ठुमरी महोत्सव' और 'स्पिक मैके' के कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने लंदन, पेरिस, ब्रसेल्स, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया और इटली जैसे देशों के अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी कला का प्रदर्शन किया है। गायिका के जीवन वक्तत्व को सुनकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सुनंदा शर्माजी ने सभागार में मौजूद सभी को नमस्कार करके संबोधन किया, उन्होंने कहा गुरु गिरिजा देवी के साथ रहना केवल संगीत सीखना ही नहीं था, बल्कि यह जीवन जीने का एक सलीका सीखना था, उन्होंने संगीत के हर सुर में अनुशासन के साथ-साथ भाव भी होना चाहिए, उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से कहा शिक्षा हो या किसी भी मैदान में ध्यान होना अहम बात है, ध्यान केन्द्रित करने से तन, मन के साथ शरीर भी ताजा हो जाता है, उन्हीं में से एक क्षण संगीत सुनना भी है।



**कुलसचिव ने प्रख्यात शास्त्रीय संगीत गायिका के जीवन चरित्र से कराया छात्र-छात्राओं को अवगत**

**"कार्यक्रम का संचालन करते हुए विवि के रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने शास्त्रीय संगीत की प्रख्यात गायिका सुनंदा शर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा हिमाचल प्रदेश के पठानकोट के पास स्थित गांव दाह के शांत वातावरण में उनका जन्म हुआ और पांच वर्ष की आयु में अपने पिता पंडित सुदर्शन शर्मा के मार्गदर्शन में संगीत का प्रशिक्षण शुरू किया।**

# आगरा में गला काटकर हत्या, किराएदार के कमरे में मिला शव, मां बेहोश

# बच्ची की लाश कनस्तर में ठूंसी, आटे की बोरी रखी

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा । आगरा में जूता कारोबारी की 8 साल की बच्ची की गला काटकर हत्या कर दी गई। बुधवार रात करीब 8 बजे किराएदार के कमरे में रखे एक कनस्तर से बच्ची की लाश मिली। ऊपर आटे की बोरी रखी हुई थी। वारदात के बाद से किराएदार फरार है। पुलिस को शक है कि उसी ने हत्या की है।

बच्ची मंगलवार दोपहर 2 बजे घर के बाहर खेलते समय लापता हो गई थी। 30 घंटे बाद पुलिस ने उसका शव बरामद किया। बेटी की लाश देखकर मां बेहोश हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में तनाव फैल गया। लोग सड़क पर उतर आए। जाम लगा दिया। पथराव किया। कुछ गाड़ियों में तोड़फोड़ करने की कोशिश की। सूचना पर डीसीपी सिटी अली अब्बास फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। घटना थाना ताजगंज क्षेत्र की है। पिता ने बताया- मैंने पुलिस को सूचना दी। मोहल्ले के लोगों के साथ हम बेटी को आसपास खोजते रहे। पुलिस ने गलियों में लगे CCTV खंगाले। इसमें दोपहर 2:00 बजे बेटी गली के बाहर एक दुकान पर चिप्स का पैकेट लेती नजर आई। फिर वह वहां से वापस जाती दिखी। पुलिस ने देर शाम मेरी तहरीर पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर ली। ACP पीयूष कांत राय के नेतृत्व में 4 टीमें बनाई गईं।


सुनील आरोपी


बच्ची का शव देखकर मां बेसुध हो गई। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पिता बोले- घर के बाहर खेलते समय लापता हुई

इलाके में जूता करोबारी के 2 मकान हैं। एक घर में वो पत्नी और 2 बेटियों के साथ रहते हैं। ठीक सामने वाले मकान के ग्राउंड फ्लोर पर फैक्ट्री और गोदाम है। घर के ऊपर एक कमरा किराए पर दे रखा है। इसमें आरोपी सुनील रहता है। वह पेंटिंग का काम करता है। कारोबारी ने बताया- मंगलवार दोपहर 2 बजे मोहल्ले के कुछ बच्चे आए। बड़ी बेटी उनके साथ खेलने चली गई। काफी देर तक वह दिखाई नहीं दी तो मैंने सोचा कि ट्यूशन पढ़ने चली गई होगी। शाम के 4:30 बजे तक लौटी नहीं तो उसकी मां को चिंता हुई। फिर हम लोगों ने तलाश शुरू की। ट्यूशन टीचर को फोन कर पूछा। उन्होंने बताया कि बेटी आज आई ही नहीं थी।

**डीसीपी सिटी ने बताया पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि शव पर और कोई चोट है या नहीं। आरोपी किराएदार के खिलाफ अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश में 10 टीमें लगाई गई हैं। जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।**

# जमानत न मिलने से आहत विचाराधीन कैदी ने की आत्महत्या

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। जिला कारागार में बंद एक विचाराधीन कैदी द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। जमानत न मिलने से मानसिक तनाव में चल रहे कैदी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जिससे जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

मृतक की पहचान सुरेश, निवासी गोवर्धन के रूप में हुई है। वह एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में मई 2025 से जिला कारागार में बंद था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे सुरेश शौचालय के लिए गया, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। लगभग दस मिनट बाद ड्यूटी पर तैनात सिपाहियों को संदेह हुआ, जिसके बाद शौचालय का दरवाजा खोला गया। अंदर का दृश्य देखकर जेलकर्मी सन्न रह गए। सुरेश ने अपने लोअर को गेट की कुंडी में बांधकर फांसी लगा ली थी। तत्काल उसे नीचे उतारकर जेल अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां गुरुवार तड़के इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि सुरेश लंबे समय से जमानत न मिलने के कारण मानसिक तनाव में था। परिजनों द्वारा हाईकोर्ट में जमानत के लिए अपील भी की गई थी, लेकिन 24 मार्च को भी मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हो सका। घटना से पहले उसने अपने पिता से फोन पर बातचीत कर नाराजगी जताई थी। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है।



## हादसा : फिरोजाबाद में खून का फौव्वारा निकलने लगा, पिता के सामने तड़पकर मौत

# बस से झांक रहे 15-साल के लड़के की गर्दन कटी

तमसा संकेत, एजेंसी

फिरोजाबाद । फिरोजाबाद में चलती बस की खिड़की से सिर निकालकर देख रहे 15 साल के किशोर की गर्दन टिनशेड से टकराकर कट गई। हादसा इतना भयावह था कि उसकी गर्दन पीछे की ओर लटक गई और खून का फव्वारा निकलने लगा। बस के अंदर और बाहर खून फैल गया। किशोर ने मौके पर ही तड़पकर दम तोड़ दिया। बुधवार को हुई यह घटना रामगढ़ क्षेत्र के आकाशवाणी रोड की है। बस अलीगढ़ से बारात लेकर फिरोजाबाद आई थी। किशोर पड़ोसी की शादी में शामिल होने के लिए अपने पिता के साथ आया था। हादसे के बाद बस चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। उधर, शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। किसी तरह शादी की रस्में पूरी कराई गईं। अलीगढ़ के कौड़ियागंज, अकराबाद के रहने वाले राहत खां के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा मोहम्मद कैफ (15) अपने पिता राहत खां के साथ अपने पड़ोसी कासिम की बारात में बस से फिरोजाबाद आया था। बरातियों को लेकर बस रामगढ़ क्षेत्र स्थित मुबीन पैलेस जा रही थी। जबकि उसके पिता दूसरी गाड़ी में बैठे थे। बस आसानी से हाईवे के रास्ते होते हुए मुनीब पैलेस पहुंच सकती थी, लेकिन कुछ लोगों के कहने पर चालक ने शॉर्टकट लेते हुए बंबा बाइपास और आकाशवाणी रोड का संकरा रास्ता पकड़ लिया। बस सवारों ने बताया कि रास्ता काफी तंग था।


मोहम्मद कैफ, मृतक


पड़ोसी मुनव्वर ने बताया कि कैफ, हाफिज की पढ़ाई कर रहा था। वह पिता के साथ बरात में आया था।

### कैफ ने बस में ही दम तोड़ दिया

बस में सवार लोग जबतक चिल्लाते, कैफ की गर्दन कटी और खून का फौव्वारा तेजी से बहने लगा। उसकी गर्दन कटकर पीछे की ओर लटक गई। लोगों ने गर्दन पकड़कर खून रोकने का प्रयास किया लेकिन कैफ ने दम तोड़ दिया। हालांकि, लोग उसे लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर संजीव दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। बस को कब्जे में ले लिया गया है। घरवालों ने अभी तहरीर नहीं दी है।

**पड़ोसी मुनव्वर ने बताया कि कैफ, हाफिज की पढ़ाई कर रहा था। घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। शादी के नाम पर केवल रस्म अदायगी हुई। कैफ, दूल्हे कासिम का पड़ोसी था। किसी को अंदाजा नहीं था कि यह यात्रा उसकी आखिरी साबित होगी।**

# आईपीईसी में यूनि इटालिया का विशेष संवाद सत्र

## इटली में उच्च शिक्षा के अवसरों पर दी जानकारी

तमसा संकेत, संवाददाता

साहिबाबाद। यूनि इटालिया के प्रतिनिधियों ने इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों, स्कूल प्रिंसिपलों एवं काउंसलरों के साथ एक विशेष संवाद सत्र आयोजित किया। यूनि इटालिया, एम्बेसी ऑफ़ इटली इन इंडिया द्वारा समर्थित एक आधिकारिक संस्था है, जो भारतीय छात्रों को इटली में उच्च शिक्षा के अवसरों से जोड़ने का कार्य करती है। इस दौरान प्रतिनिधियों ने भारतीय छात्रों के लिए इटली में उपलब्ध उच्च शिक्षा के बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला और वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में अंतर-राष्ट्रीय शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। संवाद सत्र में क्षेत्र के 12 विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल एवं काउंसलर उपस्थित रहे। इनमें वसुंधरा सेक्टर-10 स्थित वनस्थली पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल प्रतिभा सोपोरी, सेक्टर-5 स्थित पीएनएन मोहन पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री शशि शर्मा, जी.डी. गोयनका गाजियाबाद की इंटरनेशनल प्रोग्राम हेड रामनी अग्रवाल, सेंट थॉमस स्कूल इंदिरापुरम के प्रिंसिपल कुरियाकोस, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल की सीनियर विंग कोऑर्डिनेटर रुचि शर्मा, परिवर्तन स्कूल की प्रिंसिपल संगीता शर्मा, डीएवी बृज विहार की पीजीटी फिजियोलॉजी एवं स्कूल काउंसलर आरती भूटानी, हैप्पी इंग्लिश स्कूल शारद विहार कड़कड़डूमा की एडमिशन एवं पीआर हेड ऐश्वर्या कुमार तथा काउंसलर रोमा, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल गाजियाबाद की एकेडमिक कोऑर्डिनेटर सुवर्णा पालीवाल, विद्या बाल भवन पब्लिक स्कूल वसुंधरा के वाइस-प्रिंसिपल रोहित शर्मा तथा अमरपाली ग्लोबल स्कूल वैशाली के मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव राणा शामिल रहे।



## पानी के तेज बहाव के कारण रेस्क्यू में आई दिक्कत, हरदोई से बरेली आया था

# 30 घंटे बाद नाले से निकली युवक की लाश

**रेस्क्यू**

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। बरेली में सेटेलाइट बस स्टैंड परिसर पर एक खुले नाले में गिरकर युवक की मौत हो गई। 30 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक का शव निकाला जा सका। युवक मंगलवार रात साढ़े 9 बजे नाले में गिरा था। गुरुवार रात 3 बजे उसकी डेडबॉडी निकाली जा सकी। इस दौरान पूरा प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा। युवक के गिरने का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया। मामला बारादरी थाना क्षेत्र का है। मंगलवार रात सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाले सेटेलाइट बस स्टैंड पर एक खुले नाले में अचानक एक युवक गिर गया। पास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। बुधवार को दिनभर रेस्क्यू के चलते नाले से कचरे को हटाने का काम चला। एक साल की सुस्ती का जिम्मेदार कौन?जब मई 2025 में नाले का स्लैब टूटा था, तो उसे दोबारा लगाने के लिए क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा था? परिवहन निगम के पत्रों को रद्दी क्यों समझा गया?रोडवेज के अधिकारियों द्वारा बार-बार पत्र लिखे जाने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी 'कुंभकर्णी नींद' क्यों सोते रहे? 50 हजार यात्रियों की सुरक्षा दांव पर क्यों?जिस बस स्टैंड पर रोजाना हजारों लोग आते हैं, वहां 'डेथ ट्रैप' खुला छोड़ने वाले अधिकारियों पर अब तक गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा क्यों दर्ज नहीं हुआ?

क्या इसे सिर्फ 'दुर्घटना' कहना पीड़ित का अपमान नहीं है?नगर निगम के इंजीनियर इसे महज एक दुर्घटना बता रहे हैं, जबकि यह साफ तौर पर व्यवस्था जनित हत्या है। क्या विभाग अपनी गलती मानने से डर रहा है?

शहर के अन्य 'खूनी नालों' का क्या?सेटेलाइट बस स्टैंड जैसे कई और इलाके हैं जहां नाले खुले हैं। क्या प्रशासन एक और 'तौहीद' की मौत के बाद ही जागेगा?




नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, एसीएम सिटी सौरभ दुबे, सीओ सिटी थर्ड पंकज श्रीवास्तव और बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू करवाई गई।

> युवक की पैंट की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हो सकी। मृतक का नाम तौहीद (30) है, जो उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के मोहल्ला कटरा, शाहाबाद देहात का रहने वाला था। पुलिस आधार कार्ड के जरिए उसके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

### एक साल से खुला था नाला

इस नाले की सफाई मई 2025 में हुई थी, तब सफाई के दौरान स्लैब टूट गया था। इसके बाद जिम्मेदारों ने इसे दोबारा ढकना जरूरी नहीं समझा।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के मुताबिक, उन्होंने नगर निगम को कई पत्र लिखे, लेकिन अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोते रहे। बस स्टैंड पर रोजाना करीब 50 हजार यात्री आते हैं और 500 बसें संचालित होती हैं, जिससे यह खुला नाला हमेशा खतरा बना रहता है। इतने बड़े हादसे और साफ तौर पर दिख रही लापरवाही के बावजूद अधिकारी इसे मानने को तैयार नहीं हैं। नगर निगम के पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी का कहना है कि यह सिर्फ एक दुर्घटना है और इसमें विभाग की कोई लापरवाही नहीं है।





### कचरे और पानी के तेज बहाव ने रोका रास्ता

मंगलवार रात करीब 12 बजे रेस्क्यू शुरू किया गया। सबसे पहले जेसीबी से नाले के कचरे को हटाना शुरू हुआ। मंगलवार पूरी रात रेस्क्यू चला, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। करीब 15 फीट गहरे नाले में भारी मात्रा में कचरा और पानी का तेज बहाव होने की वजह से काफी दिक्कतें आईं। बुधवार को दिनभर NDRF, SDRF और नगर निगम के कर्मचारी जुटे रहे। अंत में बस स्टैंड के पास के सभी स्लैब हटाकर कचरा साफ किया गया, तब जाकर रात 3 बजे शव मिला।

### सिस्टम की अनदेखी का आरोप

माना जा रहा है कि तौहीद कहीं जाने के लिए बस अड्डे पर आया था। उसे बस पकड़नी थी, लेकिन इसी दौरान ये हादसा हो गया। नाले की सफाई और शव निकालने के लिए 80 मजदूर, 5 जेसीबी, 3 वाटर सक्शन पंप, 1 क्रेन, 4 ट्रैक्टर-ट्राली और 1 स्लैब काटने वाली पायलिंग मशीन लगाई गई। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए 1 सीओ, 2 इंस्पेक्टर, 10 सब-इंस्पेक्टर, 20 सिपाही और 15 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों सहित एक इंटरसेप्टर वाहन 30 घंटे तक लगातार डटा रहा।

**फास्ट न्यूज**

### 'कानपुर की पहचान अब पान से नहीं टैलेंट से है'

कानपुर । कानपुर के वैभव गुप्ता फिल्म 'धुरंधर-2' के गाने 'मन अटकया' के जरिए रातों-रात नेशनल क्रश और ग्लोबल सेंसेशन बन गए हैं। इंडियन आइडल विनर वैभव गुप्ता ने बॉलीवुड में अपना पहला कदम मजबूती से रख दिया है।

वैभव गुरुवार को अपने गृह नगर कानपुर पहुंचे। वैभव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपनी सफलता का श्रेय शहरवासियों को दिया।

### खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित लियें क्षेत्रों में सघन छापामार अभियान

बाराबंकी । आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश के क्रम में उप जिलाधिकारी, सदर तहसील बाराबंकी के निर्देश के क्रम में सहायक आयुक्त खाद्य-।।.के निर्देशन में नवरात्री पर्व के दृष्टिगत व्रत में प्रयुक्त होने वाले खाद्य पदार्थ जैसे-कुटटू आटा, सिंघाड़ा आटा, साबूदाना, मखाना आदि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये जनपद के नगरीय एवम ग्रामीण क्षेत्रों में सघन छापामार अभियान चलाया गया, इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 5 नमूने एकत्र किये गये।

### सीएसए यूनिवर्सिटी में चूल्हे पर बन रहा खाना

कानपुर । कानपुर में गैस की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है। लोग सुबह 4 बजे से लाइन में लगे हैं। उनका कहना है कि एजेंसी वाले नेट न चलने का हवाला दे रहे हैं। शहर में गैस की किल्लत इस कदर बढ़ गई है, अब CSA यूनिवर्सिटी में चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा है।

लोग गैस की बुकिंग के लिए 4 दिनों से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन गैस सिलेंडर कब मिलेगा, ये उपभोक्ताओं को खुद नहीं पता है।

## 410 ग्राम गांजा व 9 फर्जी सिम कार्ड के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा/गोवर्धन। थाना गोवर्धन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को अवैध गांजा एवं फर्जी सिम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 410 ग्राम गांजा और धोखाधड़ी में इस्तेमाल होने वाले 9 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना गोवर्धन पुलिस ने दिनांक 25 मार्च 2026 को रात्रि 9:45 बजे ग्राम नगला अकातिया की ओर जाने वाले रास्ते पर कार्रवाई करते हुए राहिल पुत्र अशरफ (उम्र करीब 35 वर्ष), निवासी ग्राम कर्मों थाना खोह, जिला डीग (राजस्थान) को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के कब्जे से 410 ग्राम अवैध गांजा एवं 9 फर्जी सिम कार्ड बरामद हुए हैं, जिनका उपयोग धोखाधड़ी जैसे अपराधों में किया जाना था। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना गोवर्धन में मु0अ0सं0 142/2026 धारा 318(4) बीएनएस एवं 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस टीम में ये रहे शामिलः प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर, उपनिरीक्षक चौधरी सतेंद्र सिंह, कांस्टेबल विकास भाटी एवं कांस्टेबल सचिन शर्मा की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

## कैसरगंज पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचा

### कई घटनाओं का किया खुलासा



तमसा संकेत, संवाददाता

बहराइच । कैसरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, जहां चोरी और नकबजनी की कई घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश और क्षेत्राधिकारी कैसरगंज के पर्यवेक्षण में गठित टीम ने सक्रियता दिखाते हुए इन आरोपियों को 26 मार्च 2026 की भोर में मुखबिर की सूचना पर बदरौली–कैसरगंज मार्ग से धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मुलायम उर्फ राकेश (28 वर्ष) और मयंकर (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जिन पर पहले से 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित था।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के कई सामान बरामद किए हैं, जिनमें 14 बिछिया, 7 अंगूठियां, एक जोड़ी कान के बूंदे, एक नाक की नथिया तथा अन्य आभूषण शामिल हैं। यह बरामदगी थाना कैसरगंज व फखरपुर में दर्ज तीन अलग-अलग मुकदमों से संबंधित है।पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों ने फरवरी माह में घर में घुसकर जेवर व मोबाइल चोरी करने और एक ज्वैलरी दुकान का ताला तोड़कर आभूषण चोरी करने जैसी घटनाओं को अंजाम दिया था।

> इन मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम लगातार सुरागरसी में जुटी थी और अंततः सफलता प्राप्त हुई। दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी लंबा रहा है और पूर्व में कई मामलों में इनके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल हो चुके हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में भय का माहौल है और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। फिलहाल पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## अब चिकित्सा मित्रों के दिन बहुरहेंगे : योगेश



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । इंडियन रूरल मेडिकोज सोसायटी के प्रवक्ता तथा राष्ट्रीय स्तर पर बनी ज्वाइंट एक्शन कमेटी के वरिष्ठ सदस्य योगेश जायसवाल का कहना है कि भविष्य में अनुभव के आधार पर प्राथमिक उपचार करने वाले अपंजीकृत चिकित्सको को भी प्रेक्टिस करने का अधिकार मिलेगा। श्री जायसवाल के अनुसार वे यह बात इसलिए डंके की चोट पर कह रहे हैं क्योंकि बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक्शन कमेटी के शिष्टमंडल से भेंट के दौरान यह आश्वासन दिया और कहा कि हम इसका परीक्षण करा रहे हैं। तब तक आप लोग अपने सदस्यों की लिस्ट तैयार कर लीजिए ताकि इन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि अगर बिहार सरकार इस तरह का निर्णय ले सकती है तो केंद्र सरकार भी अपने स्तर पर जो आवश्यक होगा वह करेगी तथा राज्य सरकारों को दिशा निर्देश भी जारी करेगी।

### अकबरपुर में माँ बृजेशवरी का है प्राचीन मंदिर नवरात्र की अष्टमी को होती है छंद प्रतियोगिता

## अकबरपुर स्थित बृजेश्वरी माता मंदिर पर लगा मेला

तमसा संकेत, संवाददाता




चौमुहां। ब्लाक के गांव अकबरपुर में अष्टमी को ब्रज ब्रजेश्वरी पदम् मुखी माता मंदिर पर अष्टमी को विशाल मेले का आयोजन किया गया। इसके साथ ही भजन मंडलियो के मध्य छंद प्रतियोगिता हुई । जिसमें भक्तगणों ने छन्दों द्वारा मईया की महिमा का गुणगान किया । मेला में अकबरपुर चौमुहां तरौली नौगाँव सिहाना कोंकेरा नरी अहूरी आदि गांव के ग्रामीण मेला व छंद प्रतियोगिता देखने पहुचे । इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने अपनी कुलदेवी,के सामने बच्चों का मुंडन भी कराया। छोटे छोटे बच्चों ने झूले व खिलौनो,का आनंद लिया। मंदिर प्रांगण में हो रही छंद प्रतियोगिता मेला दर्शकों में आकषर्ण का केंद्र बन रही थी । जिसमे मेरी भवर नाव चकराई है तू आदिशक्ति महारानी है तीनो लोक में जानी है तू तीनों ही देव जने आदि छंद गाए। प्रतियोगिता में चौमुहां से दो मंडली और अकबरपुर से भी दो मंडलियो ने भाग लिया जिसमें पांचों मंडली छंद प्रतियोगिता में बराबर रही। प्रधान प्रतिनिधि भरत सिसौदिया ने सभी मंडलियों को 3100 रुपए पटुका देकर पुरुस्कृत किया गया । पुजारी हुकम चंद ने बताया प्रतिवर्ष चैत्र माह की अष्टमी को यहां मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें मईया के गुणगान के छंद भी गाए जाते है।

> लाखन सिंह हेमन्त शर्मा विष्णु हिंदुस्तानी जितेंद्र गुप्ता पोपली भगत कारे भगत राजू भगत नारायण हरि शर्मा रामू राम नारायण तिवारी चिंतामणि शर्मा लखन शर्मा धर्मवीर शर्मा पप्पू रमेश आदि उपस्थित रहे ।

## बैंक खाते की बाधा दूर, जर्जर विद्युत पोल बदला, आपसी विवाद सुलझा

### जनता दर्शन बना त्वरित समाधान का सशक्त मंच'

- जनपद में जनता दर्शन की लाइव मॉनिटरिंग, हर शिकायत का संतुष्टिपरक निस्तारण का प्रयास

तमसा संकेत, संवाददाता



बराबंकी । प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतिदिन (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जनपद, तहसील, ब्लॉक एवं नगर निकाय स्तर पर अधिकारी अनिवार्य रूप से अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर जनता दर्शन के माध्यम से आमजन की समस्याएं सुन रहे हैं तथा उनका यथा सम्भव संतुष्टिपरक निस्तारण भी कर रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के तहत जनता दर्शन की कार्यवाही को पूर्णतः परिणाम आधारित बनाया गया है। वीसी के माध्यम से इसकी लगातार लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे अधिकारियों की उपस्थिति, शिकायतों के निस्तारण की गति एवं गुणवत्ता पर सीधी नजर रखी जा रही है , अथार्त स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को लंबित रखना अथवा लापरवाही बरतना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि आमजन को त्वरित राहत मिले और उन्हें अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। इसी कड़ी में जिलाधिकारी द्वारा भी प्रतिदिन जनता दर्शन के दौरान प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। जैसे एक प्रकरण में महिला आवेदिका श्रीमती सुशीला देवी, निवासी सरई बेलहरी, हैदरगढ़ द्वारा उनके मकान की छत पर पड़ोसी के पेड़ की डालियां लटकने के संबंध में शिकायत की गई थी। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रशासन एवं पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया, जहां दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर पेड़ों की डालियों को कटवाते हुए विवाद का शांतिपूर्ण समाधान कराया गया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पेट्रोल-डीजल संकट...

उन्होंने कहा है कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति जारी है।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं। जितनी आवश्यकता हो उतना ही पेट्रोल-डीजल भरवाएं। उन्होंने पंप संचालकों को भी निर्देश दिया है कि वाहनों के अलावा किसी भी बड़ी टंकी या कंटेनर में पेट्रोल-डीजल न दें।

लखनऊ के वजीराबाद से आए साहिल ने बताया कि वह पिछले आधे घंटे से लाइन में खड़े हैं, इसके बावजूद उन्हें पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है।

लोग बड़े-बड़े डिब्बे लेकर पेट्रोल और डीजल भरवाने पहुंच गए। कई जगह लंबी कतारें लग गईं और लोग घंटों इंतजार करते रहे। गोरखपुर में दोपहर 12 बजे बाइक पर एक और टंकी लादकर युवक तेल लेने पहुंचा। कहा- दोनों टंकियां फुल कर दीजिए।

श्रावस्ती में डिब्बों में पेट्रोल-डीजल भरने पर रोक लगा दी गई। इससे भड़के किसानों ने दोपहर 2 बजे नेशनल हाईवे जाम कर दिया। पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाया। वहीं, देवरिया में गुरुवार सुबह एक युवक ट्रॉली में 7 भगोने लादकर पेट्रोल पंप पर पहुंचा और तेल भरवाकर ले गया।

इधर, नायरा पेट्रोलियम ने प्रदेश में पेट्रोल 5.30 और डीजल 3 प्रति लीटर महंगा किया है। लखनऊ में नायरा के पंपों पर पेट्रोल 100.15 और डीजल 91.05 प्रति लीटर मिल रहा है। पहले पेट्रोल 94.84 और डीजल 88.05 प्रति लीटर मिलता था। गोरखपुर के बांसगांव में गर्मी और तेज हवाओं को देखते हुए प्रशासन ने पेट्रोल-डीजल के भंडारण पर सख्त चेतावनी जारी की है। देवरिया जिले के एक पेट्रोल पंप पर लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में हंडा और बड़े भगोने लेकर पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंच गए। कुशीनगर के नेशनल हाईवे किनारे हाटा स्थित आरकेबीके पेट्रोल पंप पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

### कश्मीर में ईरान ...

सूत्रों के मुताबिक भारत में ईरानी दूतावास ने सीधे पैसे ट्रांसफर करने के लिए एक विशेष बैंक अकाउंट भी खोला है, जिसमें UPI के जरिए भुगतान की सुविधा दी गई है। अधिकारियों का मानना है कि चंदे की राशि और बढ़ सकती है।

प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे सीधे दूतावास के आधिकारिक माध्यमों से ही पैसा भेजें, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। खुफिया सूत्रों ने यह भी बताया कि पहले भी चैरिटी के नाम पर जुटाए गए फंड के दुरुपयोग के मामले सामने आ चुके हैं।

खुफिया एजेंसियां फंड की निगरानी कर रही हैं। उनका कहना है कि चंदे का कुछ हिस्सा गलत हाथों में जा सकता है या उसका गलत इस्तेमाल हो सकता है। अधिकारियों ने माना कि लोगों की भावना सही हो सकती है, लेकिन बिचौलिये और बिना सत्यापन वाले संगठन पारदर्शिता को प्रभावित कर सकते हैं।

जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि कुछ शिया धार्मिक नेता और संगठन विभिन्न गतिविधियों के लिए ईरान से आर्थिक सहायता प्राप्त करते हैं। अधिकारियों का कहना है कि पर्याप्त निगरानी न होने पर इस तरह के फंड का इस्तेमाल राजनीतिक या अन्य गतिविधियों को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है।

### फूलन देवी की बहन...

पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में इनका अच्छा-खासा प्रभाव है। अखिलेश यादव 2027 विधानसभा चुनाव से पहले इस समुदाय को और मजबूती से जोड़ना चाहते हैं।

रुक्मिणी देवी जालौन के गांव शेखपुर गुढ्ढा पुरवा की रहने वाली हैं। वह बुंदेलखंड में राजनीतिक और सामाजिक तौर पर सक्रिय मानी जाती हैं। उनकी शादी औरैया के बूढ़ा दाना गांव में हुई थी।

पारिवारिक रूप से भी वह मजबूत पृष्ठभूमि रखती हैं। उनके 3 बेटे और 2 बेटियां हैं। वर्तमान में वह अपने गांव के साथ ग्वालियर में भी समय बिताती हैं। वहां उनके बड़े बेटे मथुरा पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। अन्य बेटों के नाम संतोष और छुन्ना हैं।

रुक्मिणी देवी सपा जॉइन करने से पहले प्रगतिशील मानव समाज पार्टी में थीं। उन्होंने इस पार्टी से फतेहपुर सीट से लोकसभा का चुनाव भी लड़ा था। इसके बाद 2019 में रुक्मिणी देवी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गईं। सपा में उन्हें अभी तक कोई पद नहीं दिया गया था।

### हमने मिट्टी के दो ...

सपा प्रमुख ने सरकार के साइन किए गए एमओयू पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि एमओयू का कोई वित्तीय आधार नहीं है। सभी एमओयू की जांच कराई जाए। गैस किल्लत को लेकर उन्होंने कहा- हमने मिट्टी के दो चूल्हे बनवा लिए हैं।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में हुए कई एमओयू (MoU) का कोई वित्तीय आधार नहीं है। हम मांग करते हैं कि अब तक हुए सभी एमओयू की जांच कराई जाए। ये जनता को गुमराह करने के लिए किए गए। उन्होंने कहा- एआई के नाम पर भी सरकार भ्रम फैला रही है। एक कंपनी की बात हो रही है, वह 2025 में बनी और उसकी वेबसाइट 2026 में बनी। 5% इंसेंटिव से ही पूरा मामला सामने आ गया।

अखिलेश ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि हिटलर के समय एक प्रोपेगेंडा मिनिस्टर होता था, लेकिन भाजपा सरकार में केंद्र और प्रदेश के सभी मंत्री प्रोपेगेंडा मिनिस्टर हैं। हर कोई खुद को प्रधानमंत्री समझ रहा है। कहा- भाजपा दुनिया की पहली राजनीतिक पार्टी है जो दूसरों की छवि खराब करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती है। उन्होंने कहा- लोक भवन में जिस सोफे को तोड़ रहे हैं, वो किसका बनवाया हुआ है? लोकभवन किसका बनवाया हुआ है।

अखिलेश ने महंगाई और गैस सिलेंडर पर तंज कसते हुए कहा कि नया महीना आ रहा है, भाजपा सरकार में लोगों को लाइन के अलावा क्या मिला? लोग बजट बनाकर चलते हैं कि महीने के आखिर में सिलेंडर भरवाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने 14.2 किलो सिलेंडर को घटाकर 10 किलो कर दिया। हमने तो अपने घर में मिट्टी के दो चूल्हे बनवा लिए। अपने यहां लकड़ी और कोयले से खाना बनाने का इंतजाम कर लिया है। एक महीने दिक्कत और रही तो सबको यही करना पड़ेगा।

### 'अपराध और माफिया...

इस दौरान मुख्यमंत्री समस्या लेकर आए लोगों को यह कहते हुए आश्वस्त करते रहे कि चिंता करने की कोई जरूरत नहीं, सरकार हर समस्या के प्रभावी प्रभावी निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है।

जमीन कब्जा और दबंगई से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री का रुख बेहद आक्रामक रहा। उन्होंने साफ निर्देश दिया कि अगर कोई व्यक्ति गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जा करता है, तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि गरीबों को उजाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनकी संपत्ति पर उनका ही अधिकार सुनिश्चित कराया जाएगा। जनता दर्शन में आए पारिवारिक विवादों के मामलों पर मुख्यमंत्री ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए पहले आपसी संवाद पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि बातचीत से समाधान न निकले, तो विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि न्याय में देरी न हो।

### मंदिर की गोशाला...

पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में योगी ने भ्रमण करते हुए गोवंश के माथे पर हाथ फेरा। उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

### बंगाल में टीएमसी ...

मुख्यमंत्री ममता का यह कहना बिल्कुल सही है कि राम प्राइवेट प्रॉपर्टी नहीं है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की फ्लाइट गुरुवार को खराब मौसम के कारण कोलकाता एयरपोर्ट पर समय पर लैंड नहीं कर सकी।

## हर्षित राणा के रिप्लेसमेंट बने ■ बुमराह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे

# केकआर में पेसर नवदीप सैनी की एंट्री

**मुकाबला**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

IPL 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को टीम में शामिल किया है। वे चोटिल हर्षित राणा की जगह खेलेंगे। हर्षित टी-20 वर्ल्ड कप के प्रैक्टिस मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ चोटिल हो गए थे। वहीं भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बेंगलुरु स्थित BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। यहां वे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं। कोलकाता अपना पहला मैच मुंबई के खिलाफ 29 मई को वानखेड़े में खेलेगी। हर्षित राणा IPL 2026 से पूरी तरीके से बाहर हो गए हैं। इससे पहले राणा चोट की वजह से टी-20 वर्ल्ड कप भी नहीं खेल पाए थे। टीम मैनेजमेंट ने विकल्पों पर चर्चा के बाद सैनी को चुना। इससे पहले KKR आकाश दीप की जगह सौरभ दुबे को भी टीम में शामिल कर चुका है।



■ नवदीप सैनी IPL में अब तक 23 विकेट ले चुके हैं।

> इधर, भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। यहां वे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं।

### कुलवंत खेजरोलिया जीटी में शामिल

गुजरात टाइटंस ने भी टीम में बदलाव किया है। GT ने पृथ्वीराज यारा की जगह कुलवंत खेजरोलिया को शामिल किया है। खेजरोलिया ने IPL डेब्यू RCB से किया था और बाद में KKR व GT के लिए भी खेल चुके हैं। गुजरात टाइटंस 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में अपना अभियान शुरू करेगी।

बुमराह IPL 2026 में मुंबई इंडियंस के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। हाल ही में उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े में अभ्यास भी शुरू कर दिया है।



### सैनी ने 2019 में पहला सीजन खेला

नवदीप सैनी ने IPL करियर की शुरुआत 2019 में RCB के साथ की थी। पहले सीजन में उन्होंने 13 मैच में 11 विकेट लिए थे। इसके बाद वे दो सीजन RCB के साथ रहे और फिर राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए। सैनी ने अब तक IPL में 23 विकेट लिए हैं और भारत के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके हैं।

# क्रिकेटर शेन-वॉर्न के परिवार को मिल सकते हैं 460 करोड़

## करीब 20 साल पहले लिए फैसले से फायदा

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स से ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न के परिवार को 450 से 460 करोड़ रुपए मिल सकते है। यह फायदा वॉर्न के उस फैसले की वजह से हो सकता है, जो उन्होंने करीब 20 साल पहले टीम के साथ कॉन्ट्रैक्ट करते समय लिया था।

दरअसल, इंडियन प्रीमियर लीग के पहले सीजन में राजस्थान रॉयल्स ने स्पिनर शेन वार्न को टीम का कप्तान बनाया था। उस समय उन्हें सिर्फ खिलाड़ी और कप्तान के रूप में ही नहीं, बल्कि क्रिकेट संचालन से जुड़े कई फैसलों की जिम्मेदारी भी दी गई थी। इसी दौरान वॉर्न ने अपनी सैलरी के साथ फ्रेंचाइजी में हिस्सेदारी की मांग की थी, जिसे टीम मैनेजमेंट ने स्वीकार कर लिया था। इंडियन प्रीमियर लीग का पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स ने जीता था। 4 मार्च 2022 को शेन वॉर्न का 52 साल की उम्र में निधन हो गया था। राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन द्वारा किए गए समझौते के तहत वॉर्न को हर सीजन खेलने के बदले करीब 6.57 लाख डॉलर की सैलरी के साथ 0.75 प्रतिशत टीम की हिस्सेदारी दी गई। वॉर्न ने राजस्थान रॉयल्स टीम के लिए चार सीजन तक खेला, जिसके बाद उनकी कुल हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 3 प्रतिशत तक पहुंच गई।



■ राजस्थान रॉयल्स को 2008 में आईपीएल जितवाया था

# किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, इलाकों में सनसनी फैल गई

**तमसा संकेत, संवाददाता**

**परिजनों के अनुसार, काफी देर तक घर न लौटने पर जब खोजबीन शुरू की गई, तब जाकर बच्ची का शव खेत में मिला। परिजन इसे सामान्य घटना मानने को तैयार नहीं हैं और उन्होंने आशंका जताई है कि यह मामला सिर्फ दुर्घटना नहीं, बल्कि कुछ और भी हो सकता है।**

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मद-पुर खाला थाना क्षेत्र के बसारी गांव में 11 वर्षीय किशोरी अनुष्का की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने जहां पूरे इलाके को झकझोर दिया है, वहीं इस घटना ने ग्रामीण इलाकों में सनसनी फैल गई हुई है। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे खेत में काम करने गई अनुष्का का शव शाम को गांव के बाहर गेहूं के खेत में मिलने से गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि अनुष्का अन्य बच्चों के साथ मेंथा की रोपाई के लिए खेत गई थी। चार बच्चों में से तीन वापस लौट आए, लेकिन अनुष्का का अकेले खेत में रह जाना कई सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर ऐसी क्या परिस्थितियां बनीं कि एक नाबालिग बच्ची अकेली रह गई और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना के बाद से बसारी गांव में दहशत का माहौल है। खासकर छोटे बच्चों के अभिभावक अब उन्हें अकेले खेत या बाहर भेजने से डर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांवों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। सूचना मिलते ही थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस मौके पर पहुंच गई और क्षेत्राधिकारी (सीओ) जगतराम कनौजिया सहित भारी पुलिस बल को तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की और मामले की जानकारी जुटाई। कोतवाल आशुतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय और अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद त्रिपाठी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## अंपायर ने गेंद को डेड बताया ■ टी-20 वर्ल्ड कप में से चर्चा में आए थे

# उस्मान तारिक की नकल करना श्रीलंकाई गेंदबाज को भारी पड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्रिकेट के मैदान पर पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक के अनोखे बॉलिंग स्टाइल की नकल करना एक खिलाड़ी को भारी पड़ गया। श्रीलंका के रिचमंड कॉलेज में खेले गए एक मैच में गेंदबाज नेथुजा बशिथा ने तारिक की शैली अपनाने की कोशिश की, लेकिन अंपायर ने इसे नियमों के खिलाफ मानते हुए गेंद को डेड बॉल करार दिया। यह मैच गॉल में 21 मार्च को रिचमंड कॉलेज और महिंदा कॉलेज के बीच खेला गया था। पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक इन दिनों अपनी अनोखी गेंदबाजी शैली के कारण काफी चर्चा में हैं। हाल ही में समाप्त हुए ICC टी-20 वर्ल्ड कप में उन्होंने अपनी गेंदबाजी से सभी को हैरान कर दिया। तारिक गेंद फेंकने से पहले कुछ सेकंड के लिए रुकते हैं, जिससे बल्लेबाजों को उनके खिलाफ खेलना मुश्किल हो जाता है। दरअसल, अंपायर का मानना था कि यह गेंदबाज के सामान्य बॉलिंग एक्शन का हिस्सा नहीं था, बल्कि बल्लेबाज का ध्यान भटकाने की एक कोशिश थी। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान जब उस्मान तारिक ने अपनी गेंदबाजी से भारत और इंग्लैंड जैसे बड़े देशों के बल्लेबाजों को परेशान किया था, तब उनके एक्शन पर भी सवाल उठे थे। हालांकि, ICC ने उनके बॉलिंग एक्शन को पूरी तरह 'लीगल' यानी वैध बताया है।



■ श्रीलंका के रिचमंड कॉलेज के नेथुजा बशिथा ने 21 मार्च को गॉल में महिंदा कॉलेज के खिलाफ खेले गए 'लवर्स क्वारल' मैच में उस्मान तारिक की तरह गेंदबाजी करते हुए बीच में रुकने की कोशिश की।



### क्या कहता है क्रिकेट का नियम?

क्रिकेट के नियमों के अनुसार, अगर कोई गेंदबाज जानबूझकर ऐसी हरकत करता है जिससे बल्लेबाज का ध्यान भटके या उसे परेशानी हो, तो अंपायर उस गेंद को डेड बॉल घोषित कर सकता है। गंभीर मामलों में अंपायर बल्लेबाजी करने वाली टीम को 5 पेनल्टी रन भी दे सकता है। बशिथा के मामले में अंपायर ने इसे अनुचित माना क्योंकि वे जानबूझकर तारिक की स्टाइल कॉपी कर रहे थे।

> मैच के दौरान नेथुजा बशिथा ने उस्मान तारिक की तरह रुककर गेंदबाजी करने की कोशिश की। बशिथा अपने रन-अप के दौरान बीच में रुके और कई बार उछलकर गेंद फेंकी। अंपायर ने इसे तुरंत भांप लिया और गेंद को 'डेड बॉल' करार दे दिया।

## मनोरंजन




### विवेक अग्निहोत्री करेंगे डायरेक्शन, के.जे.एस. ढिल्लों की किताब पर आधारित प्रोजेक्ट होगा

# ऑपरेशन सिंदूर' पर फिल्म का ऐलान

नई दिल्ली। भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने गुरुवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर फिल्म बनाने का ऐलान किया है। यह फिल्म पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भारतीय सेना की कार्रवाई से प्रेरित होगी। फिल्म लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. ढिल्लों (रिटायर्ड) की किताब ₹ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान₹ पर आधारित होगी। इसका डायरेक्शन विवेक अग्निहोत्री करेंगे। इस प्रोजेक्ट को भूषण कुमार की टी-सीरीज और अग्निहोत्री की आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस मिलकर प्रोड्यूस करेंगे। मेकर्स के मुताबिक, फिल्म में भारत की ताकत, हिम्मत और सटीक कार्रवाई को दिखाया जाएगा। वहीं, निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि फिल्म के लिए भारतीय सेना के अलग-अलग विभागों के साथ मिलकर गहराई से रिसर्च किया गया, ताकि घटनाओं को सही तरीके से समझा जा सके। अग्निहोत्री ने यह भी कहा कि उनकी कोशिश इस कहानी को सही और असली रूप में दर्शकों तक पहुंचाने की है। उन्होंने इसे गंभीर और सटीक तरीके से पेश करने की बात कही। फिल्म से जुड़ी अन्य जानकारी जल्द जारी की जाएगी।

### ऑपरेशन सिंदूर मई 2025 में हुआ था

ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की 6-7 मई 2025 की रात पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई थी। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद किया गया था, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य हमले के जिम्मेदार आतंकी ठिकानों को नष्ट करना था।



> फिल्म को लेकर भूषण कुमार ने कहा कि यह कहानी खुद सामने आई है और इसे जिम्मेदारी के साथ दिखाना जरूरी है। उन्होंने इसे देश की एक अहम घटना को दर्ज करने की कोशिश बताया।

# रिहाना फायरिंग मामले में नया मोड़

## आरोपी महिला ने कोर्ट ने दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली। हॉलीवुड सिंगर रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर के पास कुछ दिन पहले एक एक महिला ने 10 गोलियां चलाई थीं। इस महिला पर कोर्ट में केस चल रहा है। हाल ही में इस मामले पर आरोपी महिला ने अपना पक्ष रखा है। जानिए, रिहाना के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में क्या नया अपडेट आया है। जिस महिला पर सिंगर रिहाना के घर पर गोली चलाने का आरोप लगा था, उसने कोर्ट में खुद को बेकसूर बताया है। पीपल मैगजीन के मुताबिक आरोपी महिला बुधवार को लॉस एंजिल्स की एक कोर्ट में पेश हुई। उसने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया।



बता दें कि इसी महीने की शुरुआत में रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर पर गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें आरोप महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी महिला पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं, इनमें हत्या की कोशिश, सेमी-ऑटोमैटिक हथियार से कई बार हमला करना और किसी रिहायशी इमारत पर गोली चलाना शामिल है।

# 'लोग अंधेरे में पत्थर फेंकते हैं'

## ट्रोलर्स पर भड़के 'उस्ताद भगत सिंह' के निर्देशक

नई दिल्ली। पॉवर स्टार कहे जाने वाले पवन कल्याण की फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' इन दिनो बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। लेकिन 'धुरंधर 2' की आंधी के आगे फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म अभी तक सौ करोड़ के आंकड़े से भी काफी दूर है। वहीं इस फिल्म को क्रिटिक्स से भी कोई खास प्रतिक्रियाएं हासिल नहीं हुई हैं। अब फिल्म के निर्देशक हरीश शंकर ने निगेटिव रिव्यूज और बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। एक फैन इंटरेक्शन इवेंट में निर्देशक हरीश शंकर ने ट्रोल कमेंट्स का सीधा जवाब देते हुए कहा कि ट्रोलर्स को ट्रोल करने की पूरी छूट है, लेकिन मैं क्रिएटिव क्रिटिक्स को स्वीकार करता हूं। जैसे 'सीन ठीक से लिखा नहीं गया था' या 'इसे और बेहतर लिखा जा सकता था', 'पहला हाफ थोड़ा धीमा था'। मैं इन्हें स्वीकार करूंगा लेकिन ट्रोल की बातों को गंभीरता से नहीं लेता क्योंकि उनकी पहचान, उनका ठिकाना नहीं होता। वे खुद अपनी पहचान उजागर करने में बहुत असुरक्षित महसूस करते हैं। निर्देशक ने आगे कहा कि अगर मैं कुछ कहता हूं, तो मैं उसकी जिम्मेदारी और जवाबदेही लेता हूं। जब लोग अंधेरे में पत्थर फेंकते हैं तो बात अलग होती है। जिस तरह से मुझे ट्रोल किया गया है, मैं तो बहुत पहले ही ट्विटर छोड़ देता। मुझे ट्रोल करने वालों या चंदा इकट्ठा करने वालों की परवाह नहीं है। यह कोई नई बात नहीं है, जब कोई कहता है, तुम्हें क्या लगता है कि तुम निर्देशन कर सकते हो? जब वे अपशब्दों का प्रयोग करते हैं या हद पार करते हैं तो मैं उन्हें ब्लॉक कर देता हूं या उनकी शिकायत करता हूं।



# पत्नी प्रणति के जन्मदिन पर जूनियर एनटीआर ने दी ग्रैंड पार्टी

## जूनियर एनटीआर और उनकी पत्नी प्रणति नंदमुरी फिल्मी जगत के परफेक्ट कपल में से एक

> वर्कफ्रंट की बात करें तो जूनियर एनटीआर आखिरी बार ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे। इस फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों दोनों से ही नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। अब वो प्रशांत नील की आगामी फिल्म 'ड्रैगन' की शूटिंग कर रहे हैं। खबर यह भी आई थी कि निर्देशक कोराटाला शिवा की 'देवरा 2' पर भी काम जारी रहेगा। हालांकि, स्क्रिप्ट लिखने में अभी समय लग रहा है।

नई दिल्ली। 'वॉर 2' के अभिनेता जूनियर एनटीआर और उनकी पत्नी प्रणति नंदमुरी फिल्मी जगत के परफेक्ट कपल में से एक हैं। दोनों अक्सर कपल गोल साझा करते हैं। अब पत्नी प्रणति के जन्मदिन पर जूनियर एनटीआर ने एक भव्य पार्टी का आयोजन किया। हैदराबाद में आयोजित हुई इस पार्टी की इनसाइड फोटोज अब सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इन फोटोज में कपल के साथ बाकी सेलेब्स भी नजर आ रहे हैं।

यह भी खबर आई थी कि जूनियर एनटीआर ने प्रणति के जन्मदिन की पार्टी में प्रशांत नील समेत 'ड्रैगन' फिल्म की पूरी टीम को आमंत्रित किया था। खबरों के मुताबिक, यह एक हंसी-मजाक, खेल-कूद और लजीज खाने से भरपूर शाम थी। वायरल हो रही तस्वीरों में प्रणति और जूनियर एनटीआर मेहमानों के साथ मस्ती में पोज देते भी नजर आ रहे हैं। जूनियर एनटीआर और प्रणति का विवाह मई 2011 में भव्य समारोह में हुआ था। उनके दो बेटे अभय और भार्गव हैं।



### पार्टी में इस अंदाज में नजर आया कपल

हर साल की तरह इस बार भी जूनियर एनटीआर ने पत्नी प्रणति के जन्मदिन पर एक भव्य पार्टी आयोजित की। इसमें परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर कपल ने काफी मस्ती की। हैदराबाद में हुई इस पार्टी की अब कई फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इन तस्वीरों में प्रणाति काले गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं जूनियर एनटीआर ने कैजुअल प्रिंटेड शर्ट पहनी थी। इस पार्टी में फिल्ममेकर एसएस राजामौली के बेटे एसएस कार्तिकेय, निर्माता स्वप्ना दत्त और कई अन्य लोग भी शामिल हुए।

## 3 की मौत, ईद पर 5 दिन का सीजफायर खत्म होने के बाद हिंसा शुरू, 3 पाकिस्तानी चौकियां तबाह

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान में फिर झड़प



अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे।

**जंग**

**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर बुधवार को फिर से लड़ाई शुरू हो गई। अफगान तालिबान अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में 2 आम नागरिकों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। वहीं पाकिस्तान का भी एक नागरिक मारा गया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान ने मिलकर ईद को लेकर 5 दिनों का अस्थायी युद्धविराम घोषित किया था। 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई।

न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक एक अफगान अधिकारी ने बताया कि युद्धविराम खत्म होते ही पाकिस्तानी सेना ने नरई और सरकानो इलाकों में दर्जनों तोप के गोले दागे।

उन्होंने कहा कि जवाब में अफगान सीमा बलों ने भी गोलीबारी की और तीन पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया, इस हमले में 1 व्यक्ति मारा गया। इसके बजाय पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने आरोप लगाया कि तालिबान नशे के आदी लोगों को आत्मघाती हमलों के लिए इस्तेमाल करता है। हालांकि उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। पाकिस्तान का कहना है कि यह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई है। उसके मुताबिक देश में आतंकी हमले बढ़े हैं और 2025 पिछले एक दशक का सबसे हिंसक साल रहा। पाकिस्तान लंबे समय से आरोप लगाता रहा है कि तालिबान अपने यहां ऐसे समूहों को पनाह देता है, जो पाकिस्तान में हमले करते हैं, और भारत पर भी ऐसे संगठनों को समर्थन देने का आरोप लगाता है।



पाकिस्तानी एयरफोर्स ने 17 मार्च की रात काबुल में एयरस्ट्राइक की थी।

### पाकिस्तान के हमले में 400 लोगों की मौत हुई थी

यह हिंसा उस समझौते के करीब एक हफ्ते बाद हुई है, जिसमें दोनों देशों ने लड़ाई रोकने पर सहमति जताई थी। यह समझौता सऊदी अरब, तुर्किये और कतर के कहने पर हुआ था। इससे पहले पाकिस्तान ने 17 मार्च की रात अफगानिस्तान में हवाई हमले किए थे।

अफगान तालिबान सरकार का दावा है कि इन हमलों में काबुल के एक नशा मुक्ति अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिसमें 400 से ज्यादा लोग मारे गए थे। हालांकि पाकिस्तान ने नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार किया है और कहा है कि उसने एक गोला-बारूद के भंडार पर हमला किया था।

### टीटीपी ने भी 3 दिनों का सीजफायर तोड़ा

इधर, पाकिस्तान तालिबान यानी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) ने भी कहा है कि उसने ईद के 3 दिन के अपने युद्धविराम के बाद पाकिस्तान के अंदर हमले फिर से शुरू कर दिए हैं। TTP, अफगान तालिबान से अलग है लेकिन उसके साथ जुड़ा हुआ है। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद से TTP ने पाकिस्तान में अपने हमले बढ़ा दिए हैं। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने TTP को आतंकवादी संगठन घोषित कर रखा है। पाकिस्तान का आरोप है कि काबुल TTP के नेताओं और हजारों लड़ाकों को पनाह दे रहा है, जो सीमा पार से हमले करते हैं। हालांकि अफगानिस्तान इस आरोप को खारिज करता है। पाकिस्तान ने साफ कहा है कि जब तक अफगान तालिबान सरकार यह भरोसा नहीं देती कि उसकी जमीन का इस्तेमाल आतंकी हमलों के लिए नहीं होगा, तब तक वह TTP और उसके समर्थकों को अफगानिस्तान के अंदर निशाना बनाता रहेगा।

**फास्ट न्यूज**

### नायरा ने पेट्रोल 5 और डीजल 3 महंगा किया

नई दिल्ली । ईरान जंग के बीच नायरा एनर्जी का पेट्रोल 5 प्रति लीटर और डीजल में 3 महंगा हो गया है। अब भोपाल में पेट्रोल की कीमत 111.72 रुपए और डीजल 94.88 रुपए पर पहुंच गया है। नायरा एनर्जी की ओर से की गई यह बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में वहां के लोकल टैक्स और वैट के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है। कुछ राज्यों में पेट्रोल की कीमतों में 5.30 प्रति लीटर तक का इजाफा देखा गया है।

### युद्ध से गहराता जलवायु संकट

नई दिल्ली। आज की दुनिया में युद्ध सिर्फ इंसानों की जान और संपत्ति नहीं छीन रहे, बल्कि हमारी धरती के भविष्य को भी गंभीर खतरे में डाल रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक, वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 5.5 प्रतिशत हिस्सा सैन्य गतिविधियों से आता है। अगर सारी सेनाओं को एक देश मान लिया जाए, तो वे दुनिया के चौथे सबसे बड़े उत्सर्जक बन जाएंगे। आधुनिक युद्धों में फाइटर जेट, टैंक, युद्धपोत, मिसाइल और ड्रोन भारी मात्रा में ईंधन जलाते हैं। एक लड़ाकू विमान प्रति घंटा कई टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित कर सकता है।

### होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने वाले आईआरजीसी नेवी कमांडर तंगसीरी की मौत

नई दिल्ली। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसीरी की मौत की खबर ने मध्य पूर्व में तनाव को बढ़ा दी है। इजरायली मीडिया ने एक इजरायली अधिकारी के हवाले से दावा किया है कि अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले में बंदर अब्बास में तंगसीरी मारे गए। हालांकि, ईरान की ओर से अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि या टिप्पणी नहीं आई है।

## होटल-रेस्टोरेंट बिल में अलग से नहीं जोड़ सकेंगे एलपीजी चार्ज

### सरकार बोली- ऐसा किया तो कार्रवाई होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



होटल-रेस्टोरेंट ग्राहकों से 'LPG चार्ज' नहीं ले सकेंगे। केंद्र सरकार ने कहा कि रेस्टोरेंट अपने बिल में खाने की कीमत के अलावा केवल सरकारी टैक्स जोड़ सकेंगे। LPG संकट के बीच सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (CCPA) ने कहा कि होटल-रेस्टोरेंट को अपनी सभी इनपुट कॉस्ट को मेन्यू में दी गई कीमतों में ही शामिल करना होगा। अगर कोई रेस्टोरेंट गैस की बढ़ती कीमतों या किसी अन्य ऑपरेशनल खर्च का हवाला देकर बिल में अलग से चार्ज जोड़ता है, तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। बेंगलुरु के एक कैफे ने नींबू पानी के बिल पर 5% 'गैस क्राइसिस चार्ज' लगाया था। ग्राहक ने दो मिंट लेमोनेड ऑर्डर किए, जिनकी कुल कीमत 358 रुपए थी। कैफे ने 17.90 (5%) डिस्काउंट दिया, फिर GST के साथ 5% यानी 17.01 'गैस क्राइसिस चार्ज' जोड़ा। इससे कुल बिल 374 हो गया। CCPA जांच में पाया गया कि कई होटल-रेस्टोरेंट 'सर्विस चार्ज' रोक को बाईपास करने के लिए नए नाम से चार्ज ले रहे हैं। इसे उपभोक्ता अधिकारों का हनन बताते हुए अथॉरिटी ने सख्त निगरानी और कार्रवाई की बात कही। CCPA ने कहा है कि अगर बिल में LPG चार्ज, फ्यूल चार्ज या कोई अन्य एक्स्ट्रा फीस जुड़ी हुई दिखे, तो सबसे पहले होटल या रेस्टोरेंट मैनेजमेंट से उसे हटाने को कहें। अगर वे इसे हटाने से मना करते हैं, तो ग्राहक 4 तरीकों से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### 6 लोगों की जान बचाई ■ बस को बड़ी नाव पर चढ़ाते समय हुआ हादसा

## बांग्लादेश में बस नदी में गिरी, 26 की मौत

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले में हुए बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। यह हादसा तब हुआ जब यात्रियों से भरी बस दाउलतदिया घाट पर फेरी (बड़ी नाव) में चढ़ते समय पद्मा नदी में गिर गई।

फायर सर्विस के मुताबिक, 23 शव बस के अंदर से निकाले गए, जिनमें 11 महिलाएं, 8 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं।

इसके अलावा 8 लोगों को जिंदा बचाया गया था, लेकिन उनमें से 3 लोगों की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। कुछ लोगों की तलाश जारी है। वहीं, 22 मृतकों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।



रेस्क्यू ऑपरेशन में फायर सर्विस की चार टीमें और 10 गोताखोर शामिल रहे। इनके साथ सेना, पुलिस, कोस्टगार्ड, BIWTC और लोकल प्रशासन ने भी मिलकर काम किया। कुल 25 मृतकों में से 22 शव फायर सर्विस ने निकाले, 2 लोगों को स्थानीय लोगों ने बचाया लेकिन बाद उनकी मौत हो गई, जबकि 1 शव नौसेना के गोताखोरों ने बरामद किया। मरने वालों में ज्यादातर की पहचान कर ली गई है, जिनमें महिलाएं, पुरुष और छोटे बच्चे भी शामिल हैं। हादसे के बाद प्रशासन ने जांच के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बना दी है। इस कमेटी की अगुवाई एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट उचेन मेय कर रहे हैं और इसमें पुलिस, फायर सर्विस और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं। कमेटी को 3 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है।



बस नदी में गिरने के बाद कई लोगों ने तैरकर बाहर निकलने की कोशिश की।

### पीएम रहमान ने जांच के आदेश दिए

बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसा बुधवार शाम को हुआ। तब सिर्फ 2 लोगों की मौत की खबर आई थी।

बांग्लादेश में बसों और गाड़ियों को नदी पार कराने के लिए फेरी का इस्तेमाल होता है। यह एक बड़ी नाव या जहाज जैसा होता है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली और जांच के आदेश दिए।

- अधिकारियों ने बताया कि बस ढाका जा रही थी। इसमें सवार कई यात्री ईद की छुट्टियां खत्म कर राजधानी लौट रहे थे, जिनमें बच्चे भी शामिल थे।
- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में सवार कई लोग एक ही परिवार के थे। कुछ लोग बाहर खड़े होने की वजह से बच गए, जबकि उनके परिजन बस के अंदर फंसे रह गए।

### अमेरिका का प्रस्ताव धोखा है, सीजफायर के लिए 5 शर्तें रखीं

## ट्रम्प की शर्तों पर जंग खत्म नहीं होगी : ईरान

> ईरान ने यह भी कहा कि जब तक उसकी शर्तें पूरी नहीं होतीं, तब तक जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा। उसका कहना है कि अमेरिका बार-बार अपनी शर्तें बदलता है, जबकि तेहरान अपने रुख पर स्थिर है।

**तेल अवीव, एजेंसी**

ईरान ने अमेरिका के सीजफायर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। उसने कहा है कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शर्तों पर जंग खत्म नहीं करेगा।

ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका ने मध्यस्थ देशों के जरिए जो प्रस्ताव भेजा, वह धोखा है और जमीनी हकीकत से कटा हुआ है और इसका मकसद सिर्फ दबाव बनाना है। ईरान ने कहा है कि युद्ध का अंत तभी होगा जब उसकी शर्तें पूरी होंगी। ईरान के दक्षिण-पश्चिमी फार्स प्रांत स्थित लमर्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अमेरिका-इजराइल के हमले में प्रोजेक्टाइल गिरे हैं। यह



जानकारी ईरानी सरकारी एजेंसी IRNA की रिपोर्ट में दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। नुकसान सीमित बताया गया है। हालांकि, इससे पहले लमर्ड क्षेत्र में हुए हमलों में नागरिकों के हताहत होने की भी खबरें सामने आई थीं, जिससे इस इलाके की संवेदनशीलता बढ़ गई है। दक्षिणी लेबनान के नबातियेह जिले के हारूफ कस्बे पर इजराइल के हवाई हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हुए हैं। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हमले के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है। इससे पहले भी दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमलों में तीन लोगों की मौत और 11 के घायल होने की खबर सामने आई थी।

### अमेरिका ने ईरान को 15 प्वाइंट का प्लान भेजा

अमेरिका ने ईरान को युद्ध खत्म करने के लिए 15 प्वाइंट का प्लान भेजा है। यह प्लान पाकिस्तान के जरिए तेहरान तक पहुंचाया गया।

NYT की रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रस्ताव में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर प्रोग्राम के साथ-साथ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में समुद्री आवाजाही जैसे अहम मुद्दों को शामिल किया गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ इस बातचीत में अहम मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं।

### ट्रम्प बोले- ईरान के नेता समझौते को बेताब, लेकिन डर के कारण खुलकर नहीं बोल रहे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के नेता समझौता करना चाहते हैं, लेकिन अंदरूनी और बाहरी दबाव के डर से खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं।

ट्रम्प ने कहा कि ईरानी नेतृत्व बातचीत कर रहा है। समझौता करना बहुत चाहता है लेकिन उन्हें अपने ही लोगों और अमेरिका दोनों से खतरे का डर है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान का नेतृत्व करना इस समय सबसे कठिन स्थिति है। कोई भी उस भूमिका में नहीं रहना चाहता। ट्रम्प ने या बाते नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमेटी के डिनर में हाउस रिपब्लिकन नेताओं को संबोधित करते हुए कही।

## नायरा ने पेट्रोल 5 और डीजल 3 महंगा किया

### भोपाल में एक लीटर पेट्रोल 112 और डीजल 95 का हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ईरान जंग के बीच नायरा एनर्जी का पेट्रोल 5 प्रति लीटर और डीजल में 3 महंगा हो गया है। अब भोपाल में पेट्रोल की कीमत 111.72 रुपए और डीजल 94.88 रुपए पर पहुंच गया है। नायरा एनर्जी की ओर से की गई यह बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में वहां के लोकल टैक्स और वैट के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है। कुछ राज्यों में पेट्रोल की कीमतों में 5.30 प्रति लीटर तक का इजाफा देखा गया है। नायरा के देशभर में करीब 7 हजार पेट्रोल पंप है।

हालांकि, सरकारी तेल कंपनियां जैसे IOCL, HP और BP ने दाम नहीं बढ़ाए हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है। इसलिए कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी। भले ही सामान्य पेट्रोल-डीजल के दाम सरकारी कंपनियों ने न बढ़ाए हों, लेकिन पिछले हफ्ते प्रीमियम पेट्रोल के दाम 2 रुपए प्रति लीटर बढ़े थे। इसके अलावा, फैक्ट्रियों और बड़े यूजर्स को बेचे जाने वाले 'बल्क डीजल' के दाम 22 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए थे। दिल्ली में प्रीमियम पेट्रोल 99.89 रुपए से बढ़कर 101.89 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए सैन्य हमलों के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें करीब 50% तक बढ़ गई हैं।

**संकेत : शांति वार्ता के लिए उपराष्ट्रपति वेंस पहली पसंद, कहा- वे दूसरों के मुकाबले कम नुकसानदेह**

# ईरान को ट्रम्प के दामाद पर भरोसा नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान ने ट्रम्प सरकार को संकेत दिया है कि वह राष्ट्रपति की चुनी हुई टीम के बजाए जेडी वेंस के साथ बातचीत करना ज्यादा पसंद करेगा। CNN के मुताबिक सूत्रों का कहना है कि ईरान वेंस को युद्ध विरोधी मानता है।

ईरान ट्रम्प के दामाद और सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ के साथ बातचीत नहीं करना चाहता। ईरान का कहना है उनके साथ बातचीत चल रही थी तभी अमेरिका-ईजराइल ने हमला कर दिया था।

एक राजनयिक सूत्र ने CNN के हवाले से कहा-पुरानी टीम के साथ बातचीत की कोई संभावना नहीं है।

ट्रम्प के करीबी लोगों के मुकाबले, वेंस को तेहरान में ऐसा



नेता माना जा रहा है जो पश्चिम एशिया में सैन्य कार्रवाई को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं है। CNN के एक सूत्र के मुताबिक, "ऐसा माना जा रहा है कि वेंस इस संघर्ष को खत्म करने की कोशिश करेंगे।"एक और सूत्र ने CNN से कहा कि अगर बातचीत का कोई नतीजा निकालना है, तो जेडी वेंस को शामिल होना चाहिए। विटकॉफ और कुशनर के साथ कुछ नहीं होगा। यह पहले भी हो चुका है। ईरान के लिए यह पसंद का नहीं, बल्कि नुकसान कम करने का मामला है। वह ऐसे व्यक्ति को चुनना चाहता है जिसका इस युद्ध से कम जुड़ाव हो। जानकारी से यह संकेत मिलता है कि वेंस, जो पहले विदेशों में सैन्य दखल के खिलाफ रहे हैं, अब मुख्य वार्ताकार बन सकते हैं। इससे यह भी दिखता है कि सरकार में उनका प्रभाव बढ़ रहा है और ईरान उन्हें अमेरिका के अलग तरह के प्रतिनिधि के रूप में देख रहा है। वेंस पहले भी मिडिल ईस्ट में अमेरिकी दखल के खिलाफ रहे हैं, लेकिन इस बार उन्होंने ट्रम्प का समर्थन किया है।

### व्हाइट हाउस बोला- कौन बातचीत करेगा यह ट्रम्प तय करेंगे

इससे पहले ब्रिटिश अखबार गार्जियन ने भी मंगलवार को रिपोर्ट दी थी कि ईरान के अधिकारी स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर से बात नहीं करना चाहते। हालांकि व्हाइट हाउस ने इस रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया और इसे विदेशी प्रचार बताया।

व्हाइट हाउस ने साफ किया है कि अमेरिका की तरफ से बातचीत कौन करेगा, इसका फैसला सिर्फ राष्ट्रपति ट्रम्प ही करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने साफ कहा कि केवल राष्ट्रपति ट्रम्प ही तय करेंगे कि उनकी ओर से बातचीत कौन करेगा।



ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर (बाएं) और स्टीव विटकॉफ। (फाइल फोटो)

## अबू धाबी में मिसाइल अटैक बड़े पैमाने पर हमले की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अबू धाबी मीडिया ऑफिस के अनुसार गुरुवार को मिसाइल के मलबे से हुई घटना में मारे गए दो लोगों में एक भारतीय नागरिक शामिल है। इस घटना में तीन लोगों के घायल होने की जानकारी है। UAE में मरने वाले लोगों की संख्या अब 11 तक पहुंच गई है।

अबू धाबी मीडिया ऑफिस के X पर एक पोस्ट में, अधिकारियों ने बताया कि घायल हुए तीन लोग अमीराती, जॉर्डन और भारतीय नागरिक थे। बता दें कि युद्ध के मौजूदा दौर में खाड़ी क्षेत्र में नागरिकों पर हुए सबसे गंभीर हमलों में से एक इसे माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना स्वेहान स्ट्रीट पर हुई। जब ईरानी हमले को UAE की हवाई सुरक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। इस दौरान एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक लिया गया।

रोकी गई मिसाइलों का मलबा जब सड़क पर गिरा तो उसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए।

UAE के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बुधवार तक 166 लोग घायल हुए थे। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि हवाई सुरक्षा प्रणाली ने अब तक कुल 357 बैलिस्टिक मिसाइलों, 15 क्रूज़ मिसाइलों और 1,815 ड्रोन को रोका है। वहीं आगे आने वाले खतरों का मुकाबला करने के लिए वे लोग पूरी तरह से तैयार है।



■ सड़क पर मलबा गिरने से एक भारतीय और पाकिस्तानी नागरिक की मौत

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96